320. उमेश प्रधान, सराईपाली – आज इस क्षेत्र के जितने भी लोग हैं लोगों को बोला गया है कि इस क्षेत्र में जनसनुवाई है करके। यह उद्योग लोगों को भरपूर रूप से लोगों को रोजगार दिया है। धार्मिक कार्य, विवाह कार्य, सभी कार्यों के लिये इस उद्योग के द्वारा किया गया है। किसान ही नहीं अपितु रोजगार करने वाले वाहन चलाने वाले के सभी क्षेत्र में लोगों को रोजगार दिया गया है। मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

321. रामत्रिलोचन, गौरमुड़ी – बहुत जल्दी बड़े–बड़े किल्न स्थापित कर रहे हैं। लोगों को जाने का रास्ता नही है। उद्योगों के द्वारा सभी रास्ता का बंद कर दो। मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

322. सविता रथ, बरलिया – आज उपस्थित पीठासीन अधिकारी महोदय, जिला पर्यावरण अधिकारी महोदय, कंपनी प्रबंधन, पुलिस आफिसर्स, राजस्व के अधिकारी और स्वास्थ्य के और जितने भी अग्निशमन वाले जितने भी यहा बैठे है आज की जनसुनवाई में आस–पास के जो ग्रामीण माताये, बहने आई हुई है मेरे ओर से सभी को सादर अभिनंदन, नमस्कार। मैं आज की इस जनसुनवाई में कुल पर्यावरणीय मुद्दो को लेकर और ई.आई.ए. नोटिफिकेशन को लेकर तकनिकी रूप से जिस विषय का गहन अध्ययन और गहन जन–जागरूकता लाने के लिये प्रयास करने चाहिये थे जिला प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी बनती थी और आज की जनसुनवाई में दो तरह की कन्फ्यूजन है एक है स्थापना और दूसरा है विस्तार। और मेरे हाथ में दो ई.आई.ए. है और न्यूज पेपर में भी 26 और 27 की जनसुनवाई को बताया गया था जिससे काफी

हड़बड़ाहट थी और लोगो में अभी भी कन्फ्यूजन है कि हम विस्तार का कर रहे है उन विशेष करके लोगो का जो थोड़े से साक्षरता दर हमारे इस क्षेत्र का कम है तो समझने और अपनी बात रखने में उन्हे बहुत दिक्कत आती रहती है तो आज मैं बात कर रही हूँ जो ई.आई.ए. बनी है और उसमें जो एस.आई.ए. है, सोसल इंपेक्ट असिसमेंट रिपोर्ट और इन्वायरमेंट इंपेक्ट असिसमेंट को बेहतर तरीके से जो 300 पेज का मेरे हाथ में है उसमें से कुछ महत्वपूर्ण उसमें से छोटे–छोटे 10 बिन्दुओं पर अपनी बात रखने वाली हूँ और मुझे उम्मीद है कि तकनिकी रूप से जो ई.आई.ए. बनाये है, ये जनसुनवाई करवा रहे है और जिला प्रशासन और क्षेत्र के समुदायों के लिये खासकर मेरे जैसे इस क्षेत्र के जो यहा के कई ग्रामीण जो है उनके लिये पर्यावरणीय और समाजिक परिस्थितियों को संतुलन रखा जा सके। मैं उड़िया हूँ और बोली भाषा मेरा छत्तीसगढ़ी और उड़िया है लेकिन हिन्दी लिखने का प्रयास किया है। आज की जो मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड जो कंपनी है इसके इस तरीके से ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट की जो इसकी स्थापना और विस्तार की बात जो कहा जा रहा है उसमें कुछ प्वाईंट पर मेरी बात है कि आज जो पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ग्राम–शिवपुरी तहसील व जिला–रायगढ़ में जो पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन पर जो आज ड्राफ्ट ई.आई.ए. बनाया गया है उसका केवल पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन में सर्वे एवं जांच 1 दिसम्बर 2022 से 28 दिसम्बर 2023 तक ई.आई.ओ. को बनाने में दर्शाया गया समय इसमें लिखा है। पाईनियर इन्वायरो प्राईवेट लिमिटेड एन.ए.बी.ई.टी. मान्यता वाले ये अध्ययनकर्ता दल यहा जो सर्वे, आंकड़े और जो डेटा इसमें डाले है 10 किलोमीटर की परिधि के अंदर कुल 58 गांव आते है। यही की बात नहीं है इनके अध्ययन में इन्होने स्वीकारा है कि एक ई.आई.ए. में आपका स्थापना जो कल होने वाला है उसमें 58 है और आज के विस्तार में महज इन्होने 35 गांव को लिया हैं। ताज्जुब है कि एक ही अध्ययन क्षेत्र, एक ही उद्योग क्षेत्र, एक की स्थापना क्षेत्र, एक की विस्तार क्षेत्र, एक ही ई.आई.ए. बनाने वाली संस्थान, एक ही जगह पर जनसुनवाई दो क्यो हो रही है? एक तो समय, दूसरा है जिला प्रशासन का दुरूपयोग, तीसरा जिला पुलिस बल का दुरूपयोग, राजस्व का, आफिस का इसको एक जगह हो जाता तो शायद समय परिस्थतियां और चींजें दुबारा नहीं करना पड़ता ये मेरा सुझाव आप नोट कीजिये कि कल की जनसुनवाई को निरस्त कराके उसकी भी सुनवाई आज ही ले लीजिये, आज ही रायशुमारी कर लीजिये और आज ही खत्म कीजिये। इसलिये कि मैं बार–बार सभी जनसुनवाईयों में आप लोगो से विशेष विनम्रता से कह रही हूँ की जनसुनवाई करवाने के लिये जिला प्रशासन, किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के इतने बड़े अमले को खड़े करना जो पूर्व में जिले में अन्य काम उसमें काफी महत्वपूर्ण रूप से दुष्प्रभाव पड़ता है और इससे जुड़े तमाम जो जनसुनवाई करा रहे है अधिकारी, कर्मचारी इसमें शामिल होते है ये जनसुनवाई करवाने के लिये एक्चुवल में इनकी नियुक्ति नहीं हुई है। यहा पर लॉ एण्ड आर्डर सम्हालने की बात हो चाहे जिला प्रशासन तकनिकी रूप से, राजस्व के मसले ठीक करने हो उसके लिये प्रति मंगलवार जिला कलेक्ट्रेड में वहा पर एक जनसुनवाई आयोजित होती है वहा पर लोग अपनी मुद्दे बोल सकते है लेकिन इस तरीके की जनसुनवाई के लिये जिला प्रशासन जो दुरूपयोग हमारे

पुलिस प्रशासन को लेकर के और जिस तरीके से रायगढ़ में अपराधिक स्तर बढ़ रहे है, आपकी जनसुनवाईयां में ज्यादा आप ये शक्ति को लगा रहे है वे बेहद ही अफसोस है महज इसका मैं विरोध करती हूं। आज की जो जनसुनवाई और कल की होने वाली जनसुनवाई, आगामी 4 जुलाई की जनसुनवाई और 12 जुलाई की जो जनसुनवाई है उसमें कंपनी प्रबंधन को आप एक पद अनुसार इनके लिये उनके दैनिक भत्ता, यात्रा भत्ता का खर्च जरूर ले। आज अगर आप लेंगे और आज इनको अगर विशेष अतिरिक्त काम में जनसुनवाई में भागीदारी कर रहे है जिला प्रशासन का जो नागरिक अधिकार है हमारा आज अगर हम जाये रायगढ़ में किसी अपराध को लेकर, किसी राजस्व के काम को लेकर, किसी स्वास्थ्य को लेकर तो वहां कोई अमला नहीं मिलेगा सब बोलेंगे की जनसुनवाई करवाने गये है तो हमारे टैक्स में जो पैसा आ रहा है ये सरकार के लोग है, निजी कंपनियों के, उद्योगपतियों के मनमर्जी हमको 300 फोर्स चाहिये, आप 400 भेज रहे है भगवान जाने क्यों और क्यों इतने अधिकारी, कर्मचारी लगा रहे है जिस दिन आप इनके लिये दैनिक भत्ता स्वीकृत कर देंगे उस दिन ये कंपनी वाले 5 सिपाही पद के आरक्षक पद के महिला और पुरूष की मांग करेंगे आज इनको 2500, 3000 दैनिक भत्ता का प्रावधान कर दीजिये ये दो ही अधिकारियों के बीच जनसुनवाई सम्पन्न करवा देंगे इतने बड़े फोर्स की मांग नहीं करेंगे तो आपसे विशेष अनुरोध है कि आज की जनसुनवाई में लगे और खुद के भी आपकी एक दिन की जो वेतनमान होता है उसमें आज का अतिरिक्त भत्ता का प्रावधान आपको करना चाहिये इसका मैं मांग करती हूँ। ई.आई.ए. पढ़ने से पहले ये मेरा एक विशेष रिक्वेस्ट था और मैं आती हूँ आपके ई.आई.ए. पढ़ने और इस जनसुनवाई के पर्यावरणीय समाघात में लिखे हुये मुद्दो को। तो आदरणीय इनकी जनसुनवाई इन्होने कहा है कि यह डेटा ग्रामसभा के समक्ष पर्यावरणीय सामाजिक प्रभाव आंकलन को सार्वजनिक रूप से किसी भी किस्म का कोई इस आज की जनसुनवाई का कोई विशेष मुनादी, खबर, चस्पा मेरे गांव में कम से कम बरलिया क्षेत्र में नहीं हुआ है, दनौट में नहीं हुआ है, भेलवाटीकरा में नहीं हुआ, गोवर्धनपुर में नहीं हुआ वहा के महिलाओं के मृददे नहीं निकल कर आये। सरपंचों को जब मैने पुछा तो उसने कहा कि हमसे ऐसा कोई किसी क़िस्म का पत्र नहीं आया है, मैने उनसे पुछा क्या आपके पास ई.आई.ए. आई है तो नहीं, और ना ही इस जनसुनवाई का किसी किस्म का नदी के उस पार का कही भी कोई प्रभाव इन्होने नहीं बोला है ना ही इस जनसुनवाई की जानकारी है। आदरणीय आपको बता दूं कि सर्वेक्षण किये गये डेटा पृष्ठ क्रमांक 216 अनुसूचित पेशा ग्रामसभा के तहत हमारा क्षेत्र आता है और इनको ग्रामसभा से 56 के 56 गांव में कही भी ग्रामसभा से पेशा अनुसूची क्षेत्र का इनको कोई समर्थन पत्र या अनुमति पत्र इस जनसुनवाई को कराने का मिला है और ना ही अनुमति दिया गया है, ना उनको जानकारी है इस सर्वे की जानकारी है। ई.आई.ए. में ये जो एक साल में ई.आई.ए. बनाने की बात करते है ये इस बात का ये बोलते है कि हम अस्थाई एक कार्यालय बनाये थे उस कार्यालय की जानकारी ना तो जिला प्रशासन को है ना ही स्थानीय समुदाय को है, ना मेरे को है। इसीलिये भी ऐसे जनसुनवाईयों को जो बेहद भ्रामक ई.आई.ए. और गुपचुप तरीके से बनाये गये डेटा के तहत कि इतने बड़े जिला प्रशासन के प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और लोगो को परेशान ना किया

जाये ऐसे जनसुनवाई के आयोजन को तत्काल निरस्त किया जाये। आदरणीय आपको बता दूं कि भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना 14 सितंबर 2006 के प्रावधानों में आप लोगो ने शायद राजपत्र में पढ़ा है या नहीं पढ़ा उसको जरूर पढ़े कि राजपत्र से जारी 14 सितम्बर 2006 में केन्द्रीय सरकार ने पर्यावरण संरक्षण नियम 1986 के नियम 5 के उप नियम 3ख के तहत पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा में सूचीबद्ध वर्तमान परियोजनाओं, क्रियाकलापों का विस्तार या आधुनिकीकरण प्रक्रिया या प्रौद्योगिकी में परिवर्तन के साथ पाश्चातवर्ती क्षमतावर्धक भारत के किसी भी भाग में धारा 3 की उपधारा 3 के अधिक केन्द्रीय सरकार के द्वारा समन्व्यय गठित स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा पूर्व पर्यावरणीय निकासी के पश्चात ही उसमें प्रक्रिया में लिया जाना था लेकिन वो नहीं लिया गया है तो क्या आप मानते है कि 14 सितम्बर 2006 की अधिसूचना के जो गजट है, राजपत्र है उसकी अवहेलना आज आप यें जनसुनवाई करवा कर रहे है और मान्नीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण एन.जी. टी. ने अपने फैसले में कहा है उड़िसा में मेसर्स अजय स्टील बनाम भारत संघ के मामले में जब सुनवाई हुई उसमे 2014 में अपील संख्या 5 तारीख 27 मई 2014 में अपने आदेश के द्वारा अभिनिर्धारित किया है कि गुटिकाकरण संयंत्र, याद रखीये गुटिकाकरण संयंत्र पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना 2006 के अधीन आते है और पूर्व पर्यावरण निकासी ली जानी चाहिये। विद्यमान गुटिकाकरण संयंत्र के निकासी प्राप्त इनके पास नहीं है, ये आप पता लगा लीजिये, आप पढ़ लीजिये और देख लीजिये इनके पास नहीं और आपको बता दूँ इस परियोजना में लोकपरामर्श से संबंधित पैरा 7 के उपपैरा खण्ड के 3 के उपखण्ड 6 के निम्नलिखित उपखण्ड स्थापित किया जायेगा। जब यह बोलता है सभी एकल गुटिकाकरण संयंत्र जो 27 मई 2004 को या उसके पूर्व विद्यमान प्रचलन में थे उसके पास संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या संघराज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति से स्थापना प्रचालन की वैध सहमति चाहिये थी आज की इस जनसुनवाई के लिये जो आपके पास नहीं है। मूल नियम यह भारत के राजपत्र असाधारण भाग 11 का किसी भी आदेश का पालन आज के जनसुनवाई में नहीं किया जा रहा है। वही पर हम आते है टी.ओ.आर., द टर्म ऑफ रिफरेंस की अगर हम बात करे अध्याय में पानी इनको चाहिये 3180 के.एल.डी. पानी की आवश्यकता इनको चाहिये इनको उद्योग को चलाने के लिये और केलो नदी से पानी लेने का ये अपने ई.आई.ए. में बताया है। आप बताईये कि आपको और इनको परियोजना प्रस्तावक कंपनी को सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक अनुमति प्राप्त करनी चाहिये थी, इनको पानी जैसे मुद्दो को लेकर, काहे पर चलायेंगे उद्योग और ये अनुमति उनके पास नहीं है और लोकसुनवाई आयोजित करने से पहले आप यह बताईये कि 3180 के.एल.डी. इनको पानी 1 दिन में चाहिये तो 365 के साथ गुणा कर देते है तो इनको टोटल 11 लाख 60 हजार 700 के.एल.डी. पानी 1 वर्ष में चाहिये इनकी कंपनी को तो आप ये बताईये कि केलो नदी से प्रतिवर्ष हम इतना पानी इस उद्योग को दे सकते है क्या? हमारा जल संसाधन विभाग इनको अभी तक अनुमति नहीं दिया है तो आज यह बताईये आप मानते है कि केलो नदी के आज की तारीख में इतनी क्षमता है कि उद्योग स्थापित किया जा सके। इसके बाद में आपको बता दूं कि वही केलो नदी की अगर हम बात करे तो पेयजल आपूर्ति

रायगढ़ जिले की पूरी निर्भर है केलो नदी में, अभी केलो के जल बचाने के विशेष मुहिम जहां से केलो का उदगम से लेकर संगम तक पुरे क्षेत्र की जनता कर रही है जिसका स्थानीय अभी सप्ताह भर पहले एस.डी. एम. रायगढ़ जी के द्वारा ज्ञापन सौपा गया है कि हमारे पास पानी के लिये हाहाकार मचा हुआ है गोवर्धनपुर का जो आपका जल संसाधन विभाग का जो पानी का जो संयंत्र स्थापित हुआ है वहा पानी की कमी के कारण 3 दिन तक रायगढ़ जिले में पानी की आपूर्ति ठप्प रही और केलो नदी जो है हमारी रायगढ़ जिले की जीवनधारा है और वो आज प्रदूषित ही नहीं बल्कि उसमे बहुत सारे पानी की कमी के साथ–साथ 6 किसम की मछलिया और जलीय जीव उसमें प्रदूषण और पानी की मात्रा कम होने से खत्म हो गई है तो क्या ये चिंता नहीं है कि रायगढ़ जिले के लिये हम पानी कहा से आपूर्ति करेंगे ये विशेष बड़ा सवाल था जो ई.आई.ए. बनाने वाले कंपनी देख ले, समझ ले। आदरणीय आपको बता दूँ कि इस पूरे वर्तमान में जो पानी के लिये जो लगाई है आपूर्ति ये पूरे तरीके से बाधित होगी अगर हम 11 लाख से ऊपर पानी दे तो, वहीं पर चूंकि केलो नदी के आस–पास 18 नाला जो सहयोग करती रही है उसके आस–पास 35 उद्योग आलरेडी बैठा दिया है तो वहा से जो आलरेडी 35 उद्योग पूर्व में जो स्थापित संयंत्र वहा पानी की आपूर्ति भूगर्भ जल से हो रहा है तो वहा जो 18 नाला का अस्तित्व जो देलारी पहाड़ से पूर्व में निकल कर आता था वो पानी का जलस्त्रोत सुख गया है, मतलब केलो नदी के सहायक जो जननी नदी, नाले थे आज की तारीख में वो खत्म है उनका कहीं अध्ययन इन ई.आई.ए. में करना जरूरी नहीं समझा, ना ही डेटा आज की जनसुनवाई में ई.आई.ए. में इन्होने डाला है तो ये खतरनाक इस तरह की हम अपना पानी तो खत्म कर डाले, वायु खत्म कर डाले वो तमाम इसके कैसे आस–पास के जनजीवन प्रभावित होगा, जैव विविधता पर क्या असर होगा, जीवों पर क्या असर होगा, आने वाली हमारी नैनिहाल पीढ़ी पर क्या असर होगा इसको थोड़ा सा गहन अध्ययन कार्ययोजना बनाकर आपको ये जनसुनवाई का आयोजित करानी चाहिये। आदरणीय आपको बता दूँ कि ई.आई.ए. में जिक्र तक नहीं किया गया है कि जलापूर्ति जो उनका अलग–अलग स्थानीय नाम है उन नामो को 18 नाला मतलब 18 छोटे–छोटे नाले है उनका नाम स्थानीय स्तर पर है वो नहीं है जिक्र। आपको बता दूं कि रायगढ़ मिडिया भी इन समाचार पत्रों में जलापूर्ति की जो कमी है रायगढ़ के अंदर उसको बीच–बीच में करते रहते है। आपको बता दूं इनके ई. आई.ए. में वृहद स्वर्गीय दिलीप सिंह जुदेव वृहद केलो बांध परियोजना का ना तो इनके जी.पी.एस. नक्शा में 20 किलोमीटर के परीधि के अंदर बताया गया है, पूरी तरीके से केलोबांध परियोजना को छिपा दिया गया है, आप पढ़ सकते है मैं पृष्ठ क्रमांक आपको बता दूंगी, दिलीप सिंह जुदेव केलोबांध जो किसानों को पानी देने की बात के नाम से जो केलोबांध परियोजना स्थापना हुआ और हजारो लोगो ने समर्थन किया उस जनसुनवाई में आज तक उन किसानो के खेतो में एक बुंद पानी नहीं गया है और उद्योग लगातार अपने ई. आई.ए. में उस पानी को लेने की बात करते है लेकिन कागज में केलोबांध परियोज़ना वो बोलते है कि एक किलोमीटर में हमारा केलो नदी है वो ये नहीं बोल रहे है कि आधे किलोमीटर में आपका इतना बड़ा केलोबांध जो औद्योगिक कचड़ा, विभिन्न खनन और कोयला खदानों परियोजना, फ्लाई ऐश जंगलो में जो

फ्लाई ऐश डाला जा रहा है, फ्लाई ऐश डाईक का यहाँ बड़ा मुद्दा है, सारे ई.आई.ए. में फ्लाई ऐश डाईक को ईट बनाने की परियोजना की बात कही है, आपको बता दूं आज भी वो ईट परियोजनाये कही भी जमीनी स्तर में आप जानते है प्रशासनिक अधिकारी है मैं आपको क्या बताऊ, आपको क्या सीखाउ, आप जान रहे है ईट परियोजना नहीं है, फ्लाई ऐश डाईक नहीं है, सारे जंगलो में जाकर बारो मौसम, गर्मी में धुल में उड़ा लू के साथ फ्लाई ऐश, बारिस में बहकर केलोबांध के गहराई को पाट दे रहा है फ्लाई ऐश में। डब्ल्यू.एच.ओ. की टीम कहती है कि हीराकुंड डेम का जो पानी है उसमें 5 प्रतिशत कैसर की बीमारी उसमें है जो मछली खायेगा, आप बताईये हमारे किसान जमीन इसलिये दिये थे किसानों के खेतो तक पानी जा पाये और ये बांध से हमारे जनजीवन मछली जैसे मुद्दे पर हम पल पाये, आज वो पानी आप उद्योगो को बाट दे रहे है, बिना योजना बनाये, मैं असभ्य बात तो कर नहीं सकती हूँ लेकिन आप बताईये उन्होने कहा था कि आपके खेत चले गये तो क्या हुआ मछली आपका रोजगार होगा, आपका जंगल चला गया तो क्या हुआ मछली मारकर उसका ठेका मिलेगा, रोजगार मिलेगा, आस–पास के 10 गांव जो वृहद केलो परियोजना से प्रभावित गांव थे वहा खेतो को पानी मिलेगा, ना पानी मिला और ना वहा का मछली आज के डेट में केलो नदी के प्रदूषण का जो स्तर है भारत के सबसे ऊचे स्तर के प्रथम या द्वितीय में आपकी केलो नदी प्रदूषित गिनी जा रही है, सारे रोजगार के आयाम जो है इन प्रदूषणों में खत्म हो रहे है। आप ये बताईये रोजगार की ये बात करते है इनके ई.आई.ए. में, आपको मैं बता दूं मैडम कि ये बोलते है कि पृष्ठ क्रमांक 258 में फ्लाई ऐश के निपटान जैसे मुद्दो पर कुछ भी खास इनकी योजना नहीं है, 10 किलोमीटर के रेडियस में जो हैवीवेट मटेरियल जो 13 बेहद खतरनाक फ्लाई ऐश पर हैवीवेट मटेरियल पाया जाता है, आर्सेनिक, निकील ऐसे करके जो रसायन के स्टूडेंट होंगे वो बेहतर पढ़कर बता पायेंगे उन चीजों के जो केलो नदी का पानी जहां–जहां जा रहा है वहां पर स्वास्थ्य जैसे गम्भीर मुद्दे निकल कर आ रहे है क्योंकि केलो नदी की पानी पर्यावरणीय अभी खत्म होने की 1 केलो नदी की मौत की स्थिति आ गई है आप वहा के पानी से उद्योग चलायेंगे आप वो गुंजाईश को क्षमता को देख पाते है हम तो क्षमता नहीं देख पा रहे है, क्योंकि स्वास्थ्य जैसे मुद्दो को हम देखे कि अध्याय 3 पृष्ठ संख्या 57 में आधारभूत पर्यावरणीय स्थिति अनुकुलन नहीं है। वायु पर्यावरण, मौसम विज्ञान 5 स्थल यानी रायगढ़ इस्पात के आस–पास 5 स्थान पर दर्ज किये गये मौसम संबंधित आंकड़ो के लिये 1 दिसम्बर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक बाहरी प्रयोगशाला मेसर्स ग्लोबल इन्वायरो लैब हैदराबाद के द्वारा पुरे वर्ष मानव संचालन की बात ये कहते है, ना तो इन्होने कोई एफ.जी.डी. किया फोकस ग्रुप डिस्कशन, किसके साथ किया कौन समुदाय है जो इनको अनुमति दिया, क्या उसमें महिलाये आई, क्या बच्चो को इसमें शामिल किया, क्या वो आंगनबाड़ी शामिल हुआ, क्या वो स्वास्थ्य क्षेत्र शामिल हुये, क्या पूंजीपथरा थाना हुआ, क्या उर्दना पुलिस लाईन का जो रक्षासंयंत्र नहीं है बोल रहे है उनके लोगो की स्वास्थ्य जांच हुई, उनका खुन जांच हुआ, उनकी आंखे जांच हुई, तमाम जो चीजे स्वास्थ्य के मानक को जो रखते है वो कोई भी जांच रिपोर्ट इसमें नहीं है, क्या असर होगा, वर्तमान में क्या स्थिति में है कि हम कोई नई परियोजना को स्थापित कर पाये। क्या हमारी क्षमता

इतनी है कि हम इन जनसुनवाईयों को एक महत्त कार्ययोजना बनाकर खत्म करे। आपको बता दूं कि स्वास्थ्य जैसे मुद्दो पर ये सिलिकोसिस क्षेत्र है यहा पर पानी में फ्लोराईड है, यहाँ के पानी में आर्सेनिक है, यहाँ की मिट्टी प्रदूषित हो चुंकी है, यहा जैव विविधता में केवल हाथी जैसे बड़े मुद्दे नहीं है आपके किट–पतंगो की भी हस्र होने के साथ–साथ आपके वाईल्ड मशरूम जो 4 महिना हम पुटु बेचकर चलाते थे, 400–500 रूपया किलो हमारे जंगलो के पुटु का रेट आज के हमारे मार्केट में रेट था उसका स्पोर, वाईल्ड मशरूम का जो स्पोर होता है वो पुरी जैव विविधता का धारक है और यह क्षेत्र वाईल्ड मशरूम के लिये जाना जाता रहा है जो दवाई के काम आता रहा है वो मशरूम। मैडम आपको याद होगा मैने मशरूम का रिपोर्ट आपको दिया भी था मैने। एक बेहतर योजना हमं अपनी खाद्य सुरक्षा को देखकर करे, स्वास्थ्य अभियान को ताकत दे, इसके बाद जो रोजगार के आयाम है ये सम्मानित रोजगार महिलाओं का कि आप जो जंगली वनोपज संग्रह है, वन खाद्य है ये स्वास्थ्य के लिये बेहद महत्वपूर्ण था जो आपको बता दूं ये एनिमिया से लेकर, गर्भाशय से लेकर अस्थि जैसे रोगो के लिये जड़ीबुटी, कंदमूल यहा के जंगलो में विशेष रूप से पाया जाता रहा है वो तमाम चीजे जो है ये ऐसे परियोजना का जिसे बिना सोचे समझे फर्जी ई. आई.ए. बनाकर आप ऐसें जनसुनवाई करा करा कर आप खत्म करते है। मेरा अंतिम शब्द है कि अगर ये पीठासीन अधिकारी और जिला पर्यावरण अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, जिला–रायगढ़, छत्तीसगढ़ को इस लोकसुनवाई में ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगी कि इस क्षेत्र में इतने किस्म के जैव विविधता के साथ–साथ आपको बता दूं कि यहा कृषि के, यहा खाद्य सुरक्षा के तमाम यहा चीजे रहीं है इनके ई.आई.ए. में बहुत सारे नोट्स है हमने तकनिकी रूप से कि इनका लोहा कहाँ से आयेगा, ये कहाँ से अपने ट्रक लायेंगे, कौन रोड बना है, इनका इन्फ्रास्ट्रक्चर क्या है, ये कहा से अपने औद्योगिक कचरे का निपटान का अच्छा योजना कैसे नहीं बना है और इसके अलावा ये जो विस्तार कर रहे है इसके पूर्व के ई. आई.ए. के वादे और आज के जो वादे है इन वादो को ध्यान में रखते हुये ऐसे जनसुनवाईयों को कृपा करके ना आयोजित करे, ये समाज के लिये, देश के लिये, क्षेत्र के लिये और आने वाली पीढ़ी के लिये जो डी.एम.एफ.पी. हो या चाहे सी.एस.आर. के पैसे हो, चाहे यहा के महिलाओं के स्वरोजगार और स्थाई रोजगार की बात है कहीं भी इन्होने महिलाओं से संबंधित स्थानिय सम्मानित रोजगार, स्थापना, पूनर्वास जैसे मुद्दे और इनके लिये स्कूल, कॉलेज के अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण बिन्दु इसमें छुटे हुये है, दुबारा अध्ययन किया जाये, दुबारा ई.आई.ए. किया जाये और उसके बाद ऐसे जनसुनवाईयों को आयोजित किया जाये तो आज कि ये बात मैं लिखित और मौखिक रूप में दे रही हूँ मुझे पावती करवाईये। इस जनसुनवाई में जितने भी है आज की तारीख का जितना उनका होता है उनका वेतनमान आज एक दिन का अतिरिक्त भत्ता आप जोड़े और उन्हे दे वर्ना ऐसे जनसुनवाईयों में नागरिकों की जो व्यवस्था के लिये जो जिला प्रशासन, राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से नियुक्त अधिकारी है उनको ऐसे आयोजनों में शामिल ना किया जाये यहा के लोग शांत है, यहा के लोग अच्छे प्रवृत्ति के है सभी बाहर के, अन्य राज्यों के अप्रवासी मजदूर से लेकर इन्वेस्टर से लेकर यहा इन्वेस्ट करते है, काम करते है उसके पीछे एक ही कारण है कि

छत्तीसगढ़ीया सबले बड़िया, बहुत अच्छे लोग है, कोई आपके ऊपर आज तक जनहानी या दुर्भावनावश कोई कुछ नहीं करता, शांति से आपके पास बात रखी जाती है, इतने बड़े फोर्स लाने के लिये पूरे क्षेत्र में दबदबा कायम करने की कोशिश ना किया जाये, आप जैसे ही इनके लिये भत्ता स्वीकारेंगे आप वैसे ही इनके संख्या और अनावश्यक जनसुनवाई कराने जैसे आज है जनसुनवाई, कल है जनसुनवाई तो कल की जनसुनवाई को आप अभी निरस्त करने का एलान करें और आज ही के दिन उसको खत्म करें जिसको जहां जाना होगा लिखपढ़कर आवेदन आपत्ति, समर्थन करता रहेगा लेकिन आज के डेट में आप कम से कम आपको कोई अधिकार नहीं है जिला प्रशासन के पुलिस के अधिकारियों को, राजस्व के और इतना बड़ा प्रशासनिक अमला जो जनता के टैक्स के पैसे से उपयोग किया गया ये दुरूपयोग है मैं ऐसे कड़े शब्दो से निंदा करती हूँ।

323. श्यामलाल – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

324. संजय – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

325. जगार – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

326. भरत – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

327. लिलाधर – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

328. रोशन कुमार – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

329. जयंत बहिदार – आदरणीय महोदय आज ये रायगढ़ इस्पात पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का क्षंमता विस्तार का लोकसुनवाई करने जा रहे है और ये प्लांट 15 वर्षो से भी अधिक से स्थापित है और इसके पास जितनी जमीन है प्लांट के भीतर इसका डायवर्सन नहीं हुआ है, भूमि परिवर्तित नहीं हुआ है गैर कृषि कार्य के लिये, हमने आपसे भी शिकायत किया है, कलेक्टर से भी किया है और शासन को भी भेजा है। आपको मालूम है ये जमीन बिना डायवर्टेड हुये इतने वर्षो से कैसे संचालित है मैं पुछना चाहता हूँ उनके प्रबंधन या सलाहकार से उनको बुलाईये, क्या उनके पास डायवर्सन के कागज है बताये या अगर डायवर्सन नहीं हुआ है तो उसकी जानकारी दे, आप पुछे आपको हक है और प्रत्येक उपस्थित नागरिक को भी पुछने का अधिकार है, अगर आप नहीं पुछेंगे तो हम पुछेंगे हम इनके परियोजना सलाहकार और प्रबंधन से ये जानकारी चाहते है कि जो इतने वर्षो से ये प्लांट संचालित है उस भूमि का डायवर्सन हुआ है या नहीं हम पुछेंगे बुलाईये उन्हे। आपके ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 में स्पष्ट है भारत सरकार का पर्यावरण मंत्रालय का आदेश है उसमें स्पष्ट निर्देश है कि हमको पुछने का अधिकार है परियोजना से संबंधित मामले में, बुलाईये सर। इतना गलत हो रहा है और जिला प्रशासन चुपचाप बैठा है जानबुझकर, ये तो नहीं होने देंगे। आदरणीय ए.डी.एम. महोदय सर, मैडम बुलाईये उनको हमको जानकारी लेना है, आप नहीं लेंगे हम लेंगे जानकारी बुलाईये उसके बाद और बात है फिर हम करेंगे। ये जनसुनवाई को बंद करीये अगर आपमे हिम्मत नहीं है पुछने का तो, मैडम सर बोलिये अगर मैं कुछ गलत बोल रहा हूँ तो मेरे को गिरफ्तार करवा दीजिये, मौन साधने से नहीं होगा। कैसा प्रशासन है। मैं जिला प्रशासन को बोल रहा हूँ, पुछने का अधिकार

है, ई.आई.ए. नोटिफिकेशन में प्रावधान है, लास्ट में नहीं अभी पुछने का है, लास्ट में नहीं और ए.डी.एम. साहब जिला प्रशासन का हिस्सा है और पीठासीन अधिकारी बनकर आये है, कलेक्टर है उनको जवाब देना पड़ेगा, पूछ ले, इन्क्वारी कराये उनको बुला कर जवाब तलब करें, स्पष्टीकरण मांगे वही तो हम बोल रहे है आप मांगीये हमको नहीं मांगने देंगे तो नहीं तो हम मांगेंगे क्योंकि नोटिफिकेशन में ये प्रावधान है जानकारी मांगने का, स्पष्टीकरण मांगने का अधिकार है आप बुलाईये डायवर्सन क्यों नहीं कराया अवैध है वो फैक्ट्री अवैध चल रहा है और आपको मैं बता दूं भूमिगत जल का अनुमति केन्द्रीय भू–जल बोर से इन्होने प्राप्त किया है उसका भी इन लोगो ने वैधता तिथि समाप्त होने के बाद भी पानी का निकासी कर रहे है, पानी का दोहन कर रहे है ये फैक्ट्री को चलाने के लिये आज भी उनका वैधता जो अनुमति है वो समाप्त हो चुका है, वैधता तिथि समाप्त हो गया है फिर भी पानी उठा रहे है क्यों नहीं बोलते है आप, फिर कैसे फैक्ट्री का विस्तार हो रहा है, कैसे अनुमति देंगे आप। 23 जनवरी 2024 को समाप्त हो चुका है। पीठासीन महोदय जो जमीन पर ये काबीज है पुराने जमीन पर उसमें आदिवासियों की भी जमीन है, शासकीय घास मद की भी जमीन है, सरकारी जमीन भी है और शासकीय पट्टे की भी जमीन है। अभी तक आपने जांच नहीं किया तो आज पुछिये ना सरकारी जमीन है कि नहीं और फैक्ट्री संचालित कर रहे है ये। कितना भर्राशाही, इतनी तानाशाही जब हम बता रहे है इतनी गलतियां है और हम अपने घर के लिये नहीं बोल रहे है हम सरकार का सहयोग कर रहे है, कानून का सहयोग कर रहे है, हम तो कानून की बात कर रह है जो सरकार को शासन को धोखा दे रहा है फैक्ट्री वाला उसको आपको इंगित कर रहे है उसको आपको उजागर कर रहे है, आपके ध्यान में ला रहे है और हम कानून का सहायता कर रहे है, कानून तोड़ रहा है उद्योगपति और आपका प्रशासन अगर इसमें कोई दोषी है तो उसको सजा दीजिये, हम तो कानून की बात कर रहे है, गैरकानून की बात थोड़ी ना कर रहे है। कानून का सहयोग करने वाले की तो कम से कम आपको सहायता करनी चाहिये। हम कानून का सहयोग करने के लिये ही नशा नहीं करते, जुआ नहीं खेलते, बीड़ी नहीं पीते, सीगरेट नहीं पीते, शराब नहीं पीते, गुटका नहीं खाते और झगड़ा–झंझट, मार–पिट नहीं करते कानून का सहयोग करने के लिये गांधीवादी तरीका अपनाते है नहीं तो हमको शराब पीना नहीं आयेगा क्या कोई ना कोई सीखा देगा, सीगरेट पीना नहीं सीखा देगा, 4 पैसे का सीगरेट आता है, जुआ खेलने नहीं सीखा 10 रूपया लेकर भी बैठोगे तो वो जुआ है, हम क्यों नहीं करते कोशिश करते है कानून का पालन करे अधिक से अधिक तो आप कानून का पालन करवाईये फैक्ट्री वाले से। इन सड़को में तो मरने का भी डर है, इतनी दुर्घटना क्यों हुई है इसको कारण पर गये है आप लोग, उसका कारण है उद्योग, कौन ऐसा गांव है जिसमें लोग नहीं मरे होंगे दुर्घटना में सड़क में, बुलाईये सर पुछिये मैं तो नहीं छोडुंगा जगह को या तो गिरफ्तार करवा लो, जनता को गिरफ्तार तो करवायेगी जनता के हाथ में क्या है, विरोध करने का हक है हम करेंगे, आपको गिरफ्तार करवाना है करीये और जनसुनवाई ले जाईये उद्योगपतियों को लाभ पहुचाने के लिये, जायेंगे न्यायालय में, कोर्ट में जायेंगे। जिस जमीन पर उद्योग स्थापित है वहीं पर्यावरण से संबंधित है, आपके जिला प्रशासन को दे रखा है पावती है, पर्यावरण विभाग में

दे रखा है पावती है, ए.डी.एम. श्री पाण्डेय साहब को व्यक्तिगत दिये है वो भी है, शासन को देकर पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर को वो भी है सब दे रखे है उसको और क्या देंगे, अभी बोलिये मैं दे देता हूँ चलिये मैं आपके यहा से डाटा निकाल लूंगा जांच कराईये चलिये मैं दे देता हूँ, अभी दे देता हूँ आपको, बुलाईये मेरे को पुछने दीजिये स्पष्टीकरण लेने दो। ये देखीये उन्होने ग्राम–देलारी में और आपको बता दे महोदया हमने इनके ई.आई.ए. रिपोर्ट में ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट में केवल खसरा नंबर था तो हमने पर्यावरण विभाग में जानकारी मांगा जो आजकल सूचना का अधिकार नाम है उसी के तहत मांगा और ये जो खसरा नंबर है इसका मालिक कौन है बताईये तो साहब लोगो ने बताया, पर्यावरण विभाग ने दिया कि भूमि के संबंध में चाही गई जानकारी इस कार्यालय में उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार निरंक है तो जब हम लिख कर देते है तो भी जानकारी नहीं मांगते है तो जमीन के मालिक के संबंध में इनको पास को कागज़ात नहीं है पर्यावरण विभाग में नहीं है तो हमने अपने प्रयास से निकाला और उसमें बताया गया है कि इन्होने जो नंबर दिया था खसरा नंबर 2/1 दामोदर सिदार का है जो आदिवासी है उसके बाद इनका 70/2 श्रीमती इच्छावति पति पराउ का है सामान्य वर्ग का, खसरा नंबर 72 गोकुल प्रसाद का है वो भी इसी वर्ग का है, फिर इन्होने 79 नंबर दिया है वो है लोकनाथ वगैरह जो आदिवासी है फिर इन्होने 80 नंबर दिया है जो जगतराम वगैरह वो भी आदिवासी है उनका परिवार है, 82/1 नंबर दिया है खसरा वो घास मद में शासकीय भूमि है, छत्तीसगढ़ सरकार की जमीन है और वो रजिस्ट्री तो होना नहीं चाहिये, आदिवासियों की जमीन कैसे खरीद लेगा इस बीच में पैसा वैसा देकर खरीदा भी होगा तो जानकारी लीजिये, 82/2 दुखनी बाई पति सुखराम ये भी आदिवासी वर्ग के है, 83/1 सुखलाल वगैरह ये भी आदिवासी वर्ग के है, अगर मैं झुठ बोल रहा हूँ तो कम से कम जमीन मालिक बता दे कि नहीं भैया हमने कब से बेच दिया है सरकार ने अधिग्रहण किया है बता दे आकर मैं झुठा हू तो मेरे मुँह में बताये कंपनी वाले को बुलाईये अगर मेरी जानकारी अधुरी है या फर्जी है तो वो बता दे आपकी जानकारी अधुरी है करके, फर्जी है, बुला लीजिये उनको, अभी तो बुलवाउंगा मैं। और ये उनका है खसरा नंबर 566 ये शासकीय पट्टे की भूमि है किसी गरीब को दिये होंगे, और फिर एक है 567 भगवत वो भी इसी वर्ग का है, एक 568 धोबा एवं अन्य 2 आदिवासी वर्ग का है और एक नंबर भी है जो इस कंपनी के मालिक के नाम पर है 569 खसरा नंबर उनके मालिक के नाम पर है तो मालिक के नाम पर जमीन कंपनी के नाम पर रजिस्ट्री क्यों नहीं हुआ और उसका डायवर्सन क्यों नहीं हुआ ऐसा होता है क्या, मरवाना है आपके राज में तो हमारे कहने का मतलब है कि जब इतनी अनियमित्ता है तो फिर इस कंपनी का विस्तार कैसे होगा और विस्तार नहीं हो सकता तो जनसुनवाई खत्म करीये, आप ये आर्डर करीये कि ये सब गड़बड़िया आप की है उससे बयान ले लीजिये लिखित में ले लीजिये और अगर ये गड़बड़िया लिखित में स्वीकार करते है तो स्थगित कर दीजिये, आपको मैने बताया कि जमीन की कोई जानकारी पर्यावरण विभाग को उन्होने नहीं दिया है, इतनी मोटी उन्होने ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट दे दिया, कार्यपालिका सार दे दिया परन्तु जमीन की जानकारी नहीं दी। जनसुनवाई करवा रहे है आप लोगो का तो कुलर लगा है यहा तो लगना चाहिये ना, पंखा वगैरह तो लगवा देते, कुछ

तो लगाते, मैने सुना है कि कई बार लोग बेहोश होकर गिर जाते है हो सकता है हमारे साथ भी हो। उन्होने अपने रिपोर्ट में दिया है आप पढ़िये तो सर उन्होने कहा है कि 34.5 हेक्टेयर जमीन इनको चाहिये, कुछ जमीन एक दूसरी कंपनी बंद कंपनी होगा उनसे भी एग्रीमेंट किया है 7 हेक्टेयर का परन्तु वो अपनी जमीन बताते है रजिस्टर्ड जमीन 27.404 हेक्टेयर है और उसमें डायवर्टेड लैण्ड बताते है 21.525 हेक्टेयर वो डायवेर्टड का आर्डर कहा है और ये भी बताते है अन्य डायवर्टेड लैण्ड 5.879 हेक्टेयर ये भी बताते है कि कुल 5 हेक्टेयर के बराबर है वो बतादे कागज, झुठी जानकारी है। ये जो मौजुदा प्लांट 22.72 हेक्टेयर में है सर उसका तो डायवर्सन भी नहीं हुआ है, उसमें आदिवासी की भी जमीन है, सरकारी पट्टे की भी जमीन है और घास मद की भी जमीन है क्या जांच कराते है उसके अंदर में ये बोलते है हम हरित पट्टी विकसित करेंगे, भैया जो 15–16–17 साल से फैक्ट्री चल रहा है उसमें ग्रीन बेल्ट क्यों नहीं हुआ एक तिहाई जमीन पर आप इनके पेड़ो की गणना कल लीजिये एक तिहाई तो है ही नहीं, झुठ बताते है कि इतने पेड़ लगे है पेड़ो की संख्या एक तिहाई के हिसाब से कम है एक हेक्टेयर में 2500 पेड़ कम से कम होना चाहिये और 15 मीटर का बेल्ट होना चाहिये पेड़ो का वो भी नहीं है। महोदय ये बताते है कि इनके फैक्ट्री से सरंक्षित वन वो 100 मीटर है, नहीं है आप जांच कर लीजिये लगभग लगकर है फैक्ट्री से ये बोलते है 100 मीटर लेकिन 100 मीटर भी नहीं है झुठ बोल रहे है ये और इन्होने लिखा है कि अनाम संरक्षित वन जब संरक्षित वन है तो सरकार ने तो नाम दिया होगा नाम नहीं बताया है इन्होने अनाम बताया है, कैसे चल रहे है आप लोग कैसे जांच करके जनसुनवाई करवाते है केवल जनता ने ठेका लेकर रखा है क्या कि सभी जानकारियों को देंगे और आप लोग महीने भर से चुपचाप बैठे है, महीने भर से तो ये जानकारी आनी चाहिये ना और एक जानकारी दे रहा हूँ ए.डी.एम. महोदय जब जनसुनवाई किसी परियोजना के लिये हो जाये चाहे नये हो या पुराने हो परियोजना स्थल से 10 किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण अध्ययन होता है उसमें सभी प्रकार के जल, जंगल, जमीन, भूमि, भूमिगत जल, संग्रहित जल, नदी के जल, तालाब के जल, जानवर, कीट–पतंगे, पशु, मनुष्य, मनुष्य का आर्थिक एवं सामाजिक अध्ययन, स्कूल नजदीक में आ रहा है क्या, अस्पताल प्रभावित हो रहा है क्या ये तमाम पर्यावरणीय अध्ययन में आना है। स्कूल जाकर देखिये इस कंपनी के नजदीक पड़ता है स्कूल इसकी भी जानकारी झुठी दिया है ये, दूर बताया है। गांव की आबादी और जो मकान है वो भी नजदीक है इस फैक्ट्री के कैसे गांव बचेगा कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है पर्यावरण पर, इसका गंदा पानी गांव के खेतो में जाता है, सैकड़ो बार गांव वालों ने शिकायत कर दिया प्रशासन कार्यवाही नहीं करता और बरसात आ गया, खेतो में जायेगा उनके फसलो को नुकसान करेगा फिर फैक्ट्री का गंदा पानी केलो नदी में जायेगा वो नाला पड़ता है ना आप रायगढ़ से आये होंगे देलारी नाला और इन्होने बताया है कि जिंदल हवाई पट्टी 7.3 किलोमीटर की दूरी पर है इस परियोजना स्थल से आपको मैं जानकारी क्या दूंगा हमसे ज्यादा ज्ञान है आपको कोई भी परियोजना स्थल से 10 किलोमीटर के दायरे में जो प्रभावित क्षेत्र माना जाता है उसके अंदर अगर नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका आता है तो नगरीय क्षेत्र जो मुनिसिपल एरिया होता है अगर उसका कोई भी गांव,

कोई भी आबादी बस्ती अगर प्रभावित होता है तो उसकी गहन जांच होनी चाहिये और वो उस नगर निकाय के उस मुनिसिपल बाडी के उसके बिना सहमती के आप उस क्षेत्र में जांच भी नहीं कर सकते आपको उनके सहयोग से उनको आवेदन लगाके उनका पर्यावरण अध्ययन करना था, सघन आबादी, घना आबादी होता है मुनिसिपल ईलाका भले ही छोटा हो या बड़ा हो ये लिखते है जिंदल हवाई पट्टी 7.3 किलोमीटर की दूरी पर है मतलब नगरीय क्षेत्र है मुनिसपल एरिया में आता है रायगढ़ नगरनिगम, पतरापाली गांव और ये बोलते है निकटतम रेल्वे स्टेशन में ये बताये है किरोड़ीमल रेल्वे स्टेशन वो भी 8.7 किलोमीटर दूर बताया है इन्होने दक्षिण में तो 10 किलोमीटर दायरे के भीतर है इसलिये किरोड़ीमल नगरपंचायत जो मुनिसिपल ईलाका है वहां भी जांच होनी चाहिये वहा भी सघन आबादी प्रभावित हो रहा है इस प्लांट के 10 किलोमीटर के दायरे में और नगरनिगम रायगढ़ का उर्दना गांव, कृष्णापुर गांव ये नगरनिगम क्षेत्र में है वार्ड में आते है, भगवानपुर गांव, गोरखा, पतरापाली जिसमें जिंदल स्थापित है वो गांव इस तरह से आधा दर्जन गांव इस परियोजना के 10 किलोमीटर के दायरे में प्रभावित गांव है जो नगरनिगम रायगढ़ मुनिसिपल ईलाके के आबादी गांव है वो भी प्रभावित होंगे यहा क्या समाजिक अध्ययन किया इन्होने, नहीं किया, क्यों नहीं किया? पुछिये ना उनसे सघन आबादी वाले इलाके है, पतरापाली में तो हवाई अड्डा है, कारखाना है, बस्ती है, मजदूरो का बस्ती है, आदिवासी भी निवास करते है कितना व्यस्त इलाका है, अस्पताल है वहां, वहां जिंदल का बहुत बड़ा अस्पताल है, स्कूल है जिंदल का बड़ा वाला और बाताईये कैसे ये प्रभावित क्षेत्र नहीं है और कैसे इन्होने दर्ज नहीं किया है इसमें। ये अपनी जानकारी में बताते है अध्याय 2 में और तालिका संख्या जो इनका है उसमें बताते है 2.4.1 में भूमि उपयोग का वर्गीकरण वो बोलते है की निजी भूमि नहीं है बताते है, निजी भूमि का दर्ज किया है, निजी भूमि है फिर बोलते है सरकारी भूमि कोई नहीं है, वन भूमि कोई नहीं है, घास मद का अगर छोटे–बड़े झाड़ में नहीं आता है तो सरकारी जमीन तो है मगर ये बोलते है कोई जमीन नहीं है झुठी जानकारी दिये है। ये कहते है ई.आई.ए. रिपोर्ट में परियोजना प्रस्तावक 18500 पेड़ मौजुद है क्या जिला प्रशासन ने जांच कराया, कोई देखने गया है क्या 18500 पेड़ है या नहीं। एक और महत्वपूर्ण है वैसे तो मैं जितना बता रहा हूँ सभी महत्वपूर्ण है आपकी नजर में पता नहीं क्या है? आदरणीय ए.डी.एम. महोदय, और पर्यावरण अधिकारी महोदय इन्होने बताया है ये जो परियोजना लिखा भी है परियोजना जो विस्तार होगा ये ग्राम देलारी और सराईपाली मे भी होगा, सराईपाली को इन्होने परियोजना में शामिल किया हैं, कुछ जमीन सराईपाली का भी लिया है इन्होने और आपको हम बता दे पर्यावरण अध्ययन 10 किलोमीटर के दायरे में होता है जो हमारे भारत सरकार के कानून और नियम के तहत होता है ई.आई.ए. नोटिफिकेशन भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय का जो 14 सितम्बर 2006 को जारी हुआ है उसमें जो निर्देश है जो 10 किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण अध्ययन होना चाहिये उस परियोजना स्थल से उसमें इन्होने कही पर भी सराईपाली का उल्लेख नहीं किया है, जिक्र नहीं किया है, सराईपाली गांव का अध्ययन नहीं किया है। आदरणीय राजेश जी क्या ये सही है जो अपने अध्ययन में इन्होने सराईपाली गांव को शामिल नहीं किया है जबकि सराईपाली गांव में ये परियोजना शामिल किया जा रहा है,

भी है और कुछ नया जमीन भी लेगा तो क्यों अध्ययन नहीं किया ये बहुत बड़ा इन्होने जानबुझकर इन्होने छुपाया है और ई.आई.ए. नोटिफिकेशन में ये बात भी दर्ज है सर कि आप ड्राफ्ट ई.आई.ए. बना रहे है और शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे है और जानबुझकर, मनगढत, फर्जी जानकारी देंगे तो वो गैर कानूनी है और जनसुनवाई को रोका जा सकता है। वैसे तो बहुत सी चीजे है आप लोग परियोजना स्थल में जनसुनवाई नहीं कराते है, आज तो नहीं करा रहे है कल करायेंगे, आज तो नहीं हो रहा है वो जगह में नहीं हो रहा है ना तो ये सराईपाली गांव का अध्ययन नहीं हुआ इस बात को आप लोग नोट करीये और ये नहीं चलेगा कि ये ड्राफ्ट रिपोर्ट है ड्राफ्ट रिपोर्ट में तो सुधार हो सकता है ये नहीं चलेगा, ये जानबुझकर छुपाया गया है। आप देख लीजिये सर्वेक्षण की अगर गांव की जनसांख्यिकी है, आर्थिकी है उसमें कही पर भी सराईपाली का नाम नहीं है, सराईपाली गांव का अध्ययन ही नहीं किया है इन्होने और आपको बता दे सर अपने अध्ययन में इन्होने जो डाटा कलेक्शन किया, जो सर्वेक्षण किया उन गांव में पंचनामा होना चाहिये उस स्थान पर जब कोई भी घटना होती है तो पुलिस पंचनामा बनाती है, पटवारी से बनवाकर पंचनामा बनवाते है, भले ही छोटो–मोटा तब भी पुलिस पटवारी को बोलकर पंचनामा बनवाती है नक्शा बनाकर देता है पटवारी, इतनी महत्वपूर्ण बातो का भी जब यहा अध्ययन करने जाते है किसी गांव में या किसी क्षेत्र में या नदी में तो उस इलाके के लोगो का पंचनामा होना चाहिये इतने तारीख को जांच किये, पंचनामा रिपोर्ट नहीं है इनके पास अपने मर्जी से टेबल में बैठकर बना दिये और इन्होने झुठी जानकारी दिया आपको हरित पट्टी का बता ही दिया वो बोलते है कि हम 11.5 हेक्टेयर ग्रीनबेल्ट विकसित किया जायेगा बोलते है 28 एकड़ में और मौजुदा प्लांट में 18 एकड़ में लगभग 18500 पेड़ मौजूद है। कुछ भी लिख देगा और प्रशासन इसको जांच नहीं करेगा इसको भी जांच कराना है, शासन को तो आप लोग भेजते नहीं है, ई.आई.ए. नोटिफिकेशन में ये है कि आज ही के तारीख में रिपोर्ट बनाकर, पढ़कर शासन को भेजना है मगर आप तो भेजते नहीं है। हप्ता दिन, 15 दिन लगाते है फैक्ट्री वाले से मिलकर बताओं भईया कैसे बनाना है बहुत गड़बड़िया तो है कैसे सुधार करे। बनवा देते है और फिर भेजते है तो पहले जांच कर लिजिये कितने पेड़ है, डायवर्सन का क्या मामला है उसको भी जांच कर लिजिये, सरकारी जमीन है वो भी जांच कर लिजिये तब भेजिये 15 दिन लगाकर हम लोग कुछ नहीं बोलेंगे। मदद करेंगे हम बोलिये ना आप हम मदद करेंगे, कागजपत्रा, डाक्युमेंट लाकर देंगे जो हमने निकाला है। 500 रूपया लगा सर इसलिये मैं आपको नहीं देना चाहता हूँ फ्री में आप लोग तो दोगे ही। पानी का बता रहा हूँ सर ये भूमिगत जल ले रहे है 450 किलोलीटर प्रतिदिन तो 23 जनवरी 2023 को इनकी वैधता खत्म हो गई है इसकी भी जांच कर लीजिये और अभी तक प्लांट चालू है पानी निकाल ही रहे है और वैसे भी फैक्ट्री वाले चोरी करते है ये 450 किलोलीटर प्रतिदिन जो लिखा है उससे कई गुना ज्यादा पानी निकाल रहे है। हमारे जिले का भूमिगत जल और नीचे चला गया है पानी की समस्या के लिये युद्ध होने वाला है और बहुत जल्द तीसरा, चौथा युद्ध होगा, कई कारण से होगा, पानी के कारण दंगल होने वाला है, पानी के कारण असंतोष फैलने वाला है, किसानों को पानी नहीं मिलेगा, केलो बांध की स्थिति देख लिजिये किसी गांव के बड़े तालाब से भी बुरी

हालत है ये उद्योगो के लिये बन गया है सिंचाई के लिये नहीं बना, इसकी जांच कराईये जितने फैक्ट्री है सब भूमिगत जल ले रहे है वो अवैध ढंग से ले रहे है, अनुमति समाप्त हो गया है, ज्यादा पानी ले रहे है, नदी से पानी ले रहे है कोई कंपनी तो वो भी ज्यादा पानी ले रहे है कोई जांच नहीं होता क्योंकि अपने बाप का तो नहीं है लेने दो कलेक्टर यही समझता है मेरे हिसाब से। बुरा हालत है पर्यावरण का इस क्षेत्र का और विस्तार की अनुमति नहीं देनी चाहिये, वायु प्रदूषण इतना फैल रहा है, बीमारियां फैल रही है, लोगो के फसलो को नुकसान हुआ है, प्रभावित हुआ है, फल, सब्जी भी नहीं हो रहा है। इस क्षेत्र से पहले सब्जियों का उत्पादन रहता था, पुरे जिले में सब्जी जाते थे, आज सब्जी का उत्पादन खत्म हो गया है, फसल, अनाज का उत्पादन कम हो रहा है। मुनगा एक सब्जी है ना वो अब नहीं होता इस औद्योगिक प्रदूषण के कारण, वायु प्रदूषण के कारण, जंगल में महुआ उत्पादन कम हो गया है, वनोपज की मात्रा कम हो रही है, जानवर जंगल छोड़कर बस्ती में आ रहे है, बंदरो को जंगल में खाने के लिये कुछ नहीं है, सब शहर में आ रहे है, बस्ती, गांव में आ रहे है। ए.डी.एम. साहब आपको मैं एक चीज और बता रहा हूँ जितनी फैक्ट्री वाले अपनी रिपोर्ट बनाते है इस क्षेत्र का सब ये बोलते है हाथी का गलियारा नहीं है क्यो आपका फारेस्ट विभाग गलियारा घोषित नहीं करता, क्यों करेगा फैक्ट्रियों से पैसा मिल रहा है और ये लिखते है हाथियों की आवाजाही 10 किलोमीटर के दायरे में देखी गई है, सुनी गई है, हाथी आ रहा है आपको मालुम है अगर आपमे हिम्मत है तो चलिये रात में इन सड़को पर मोटर साईकल में गुजरिये पता चल जायेगा हाथी है कि नहीं। हाथियों का आवाजाही लिखते है इसकी तो जांच करा लिजिये जो ठोस है, स्थाई रूप से हमारे क्षेत्र की जो समस्या है जंगल का हाथियों के आवाजाही का, पेड़–पौधे का। आप वन विभाग से जानकारी लिजिये मौखिक रूप से बोलते है ये कि बहुत से प्रजाति पौधो की वो विलुप्त हो गई है और कई विलुप्त होने के कगार पर है, बुलाईये हमारे सामने पुछवाईये उनको, जैव विविधता नष्ट हो गई है इस क्षेत्र की ये सब जांच करिये सर और बुलाईये मैं खड़ा हूं पुछुंगा, ए.डी.एम. साहब बोलिये क्या कह रहे है? क्या नहीं बुलायेंगे, आप नहीं पुछेंगे, हमको नहीं पुछने देंगे, ई.आई.ए. नोटिफिकेशन भारत सरकार का पालन नहीं करेंगे, उनकी अवहेलना करेंगे, कानून तोड़ेगे बोलिये तो कुछ बोलिये नहीं बुलाउंगा बोलिये, बोलिये ना आदरणीय सर बोल तो दीजिये ताकि मैं छोडु पसीना हो रहा है, खुब पसीना छुट रहा है बोलिये तो, नहीं बोलेंगे दर्ज हो जायेगा, धिक्कार हो जायेगा, चलिये अभी बुलाईये, आखरी में बुलायेंगे, पक्का बुलायेंगे, पुछने देंगे। धन्यवाद!

330. धनमती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
331. दिपावली – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
332. दिना – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
333. रूपाली – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
334. डमा – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
335. रामबाई – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

336. बबीता – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
337. कविता – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
338. पुनाई – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
339. विद्यावती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
340. सुमन – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
341. गीता – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
342. आरती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
343. रितिका – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
344. रत्ना – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
345. मालती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
346. मालती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
347. लक्ष्मी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
348. जमुना – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
349. पुनम – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
350. सुंदरमती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
351. फूलकुमारी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
352. पुर्णिमा – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
353. देवमती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
354. मनकुंवर – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
355. इन्द्रा – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
356. सरिता – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
357. हिरा – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
358. अंजू – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
359. अहिल्या – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
360. शिवकुमारी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
361. मीनू – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
362. रिया – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
363. गायत्री – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
364. किरण – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
365. पूजा – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
366. चांदनी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

367. तेज – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
368. पिंकी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
369. गुलाबमती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
370. उमा – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
371. लक्ष्मी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
372. राजकुमारी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
373. तिहारीबाई – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
374. तारामती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
375. कंतीबाई – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
376. सुखमती – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
377. सीता – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।
आपसे विनती करता हूँ एक बार आप उस जगह जाये वहां निरीक्षण करें और उस जगह जितने पेड़ मरे हुये है जितने उस क्षेत्र के जड़ी बुटिया या अन्य चीजे है वो किस प्रकार से खत्म हुये है उस जगह पर जितने कंपनियां फ्लाई ऐश डाली है उस पर उनके भरपाई करने की बात कहीं जाये और उन पर कार्यवाही की जाये ये मैं मांग करता हूँ। विकास में एक और चीज भी विकास हुआ है यहा पहले हमारे क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं हुआ करते थे और यहा पर एक भी मेडिकल स्टोर नहीं था, हमको अगर कुछ दवाईयां खरीदनी होती थी या तो तमनार जाओ, घरघोड़ा जाओ या रायगढ़ जाओ लकिन सराईपाली गांव में आज 2 मेडिकल स्टोर है, गेरवानी में 4–5 मेडिकल स्टोर है तो इससे जाहिर है कि यहा किस प्रकार स्वास्थ्य पर विकास हुआ है आप जान सकते है। सिलिकोसिस जो गंभीर बीमारी पूरे छत्तीसगढ़ में कही भी डाईग्नोसं नहीं हुई थी उसका डाईग्नोस सराईपाली में हुआ है और मेरे सामने में ही कई महिलाये और बच्चे मरे है और लगातार हमने प्रशासन की आंखे खोलने का प्रयास किया है लेकिन किसी प्रकार कार्यवाही उस हिसाब से नहीं हुआ जिस हिसाब से होना चाहिये जब भी हम मेडिकल कॉलेज जाते है तब सिर्फ आश्वासन दिया जाता है कि इनके लिये दवाई की व्यवस्था की जायेगी लेकिन मजाल है की कोई कंपनी उन मरीजो के लिये दवाई की व्यवस्था करें। यहा पी.एच.सी. सराईपाली है वहा भी किसी प्रकार के दवाई की व्यवस्था नहीं की जाती है। एक तरफ तो लगातार बीमारी फैलाने के लिये ये कंपनियां कृत्य कर रही है और बीमारियां फैला रही है लेकिन उनके निदान के लिये, उनके ट्रीटमेंट के लिये जो कार्य करने चाहिये वो नहीं कर रही है। कंपनियों में जो काम करने वाले मजदूर है उन पर भी लगातार स्वास्थ्य जांच करनी चाहिये लेकिन किसी प्रकार का स्वास्थ्य जांच नहीं किया जा रहा है। यहां जो कंपनी है जो गोल्डन रिफैक्ट्रीज के नाम से पहले चलती थी अभी उसका नाम बदलकर उसको पुनः चालु कर दिया गया है उस कंपनी पर लगातार निगरानी करने की आवश्यकता है क्योंकि हमारे इस क्षेत्र के जो मजदूर वर्ग के जो लोग है जो आदिवासी लोग है मजदूरी के लिये उस कंपनी पर जाते है और उन्हे किस प्रकार से सुरक्षित रहना है ना तो इसकी जानकारी कंपनी द्वारा दिया जाता है और ना ही क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है इसके वजह से जानकारी के अभाव में उनके स्वास्थ्य पर कई तरह की गंभीर समस्याए उत्पन्न हो रही है और सिलिकोसिस जैसे समस्याए उत्पन्न हो चुकी है और दर्जनों लोग अपनी जांन गवा चुके है। सिलिकोसिस से मरने वाले लोगो में से आज भी लगभग 6–7 बच्चे अनाथ बच्च गांव में है और उन अनाथ बच्चों के लिये किसी भी प्रकार की व्यवस्था ना तो सरकार कर रही है और ना ही कंपनी करं रही है जबकि जवाबदारी होनी चाहिये कंपनी की भी और सरकार की भी कि जो अनाथ बच्चे है उनके भरण–पोषण के लिये व्यवस्था किया जाये और जब वो 18 साल के हो जाते है तो उनके लिये नौकरी की व्यवस्था की जाये ताकि वे अपने जीवन यापन कर सके इसके लिये हमने कई बार कलेक्ट्रेड में भी जाकर आवेदन दिया है लेकिन कार्यवाही के नाम पर हमको केवल आश्वासन ही हासिल होता है ये बहुत दुःख की बात है। यहा सोसल इंपेक्ट असिसमेंट की बात की जा रही है और सोसल इंपेक्ट असिसमेंट में जो मेरी जानकारी के अनुसार है उसमें हमारे गांव में, देलारी मे, गौरमुड़ी में, जमडबरी में और आस–पास के जितने भी गांव है

वहां जाकर हमारे स्वास्थ्य की जांच होनी चाहिये थी और स्वास्थ्य के जांच के बाद जो ईलाज या जो सरकार का नियम है उस हिसाब से कार्य करना चाहिये था लेकिन किसी प्रकार को सोशल इंपेक्ट असिसमेंट ना तो किया गया है और ना ही आज तक हुआ है। रायगढ़ इस्पात कंपनी सराईपाली में बैठा है उसका गेट देलारी में है और सराईपाली में जब जमीन है तो पेशा कानून वहां पर लागू होता है। मैं सराईपाली का हूँ और वहां आज तक ग्रामसभा एक बार भी नहीं हुई है ना ही एन.ओ.सी. किसी प्रकार की इस कंपनी को दी गई है फर ये जनसुनवाई क्यों आयोजित की जा रही है। सबसे पहले जो पेशा कानून के तहत ये नियम है ग्रामसभा की अनुमति होनी चाहिये और ग्रामसभा में प्रस्ताव होने के बाद ही कंपनी संचालित होनी चाहिये परन्तु पिछले 15 वर्षो से कंपनी संचालित है और ग्रामसभा आज तक नहीं हुई है और अभी जो जनसुनवाई हो रही है इसके लिये कम से कम एक बार ग्रामसभा का आयोजन करना चाहिये था लेकिन ग्रामसभा नहीं हुआ है तो पेशा कानून के उल्लंघन के जुर्म में क्या इस कंपनी पर भी एफ.आई. आर. नहीं होनी चाहिये। आप जिम्मेदारी अधिकारी है आप इस पर कार्यवाही करें। एक चीज और मैं देखता हूँ जब भी मैं रायगढ़ जाता हूँ तो रायगढ़ से पहले उर्दना के पास हमारे कुछ पुलिस साथी खड़े रहते है सफेद ड्रेस लगाकर और मैं उनको जब देखता हूँ तो बहुत दुःख होता है उनका सफेद सर्ट पूरा धुल से काला हो जाता है उनको ना तो मास्क दिया जा रहा है ना उनके किसी प्रकार का व्यवस्था किया जा रहा है उनके शरीर की जांच होनी चाहिये उनको किस प्रकार की बीमारियां हो रही है, क्या उनके शरीर पर इफेक्ट हो रहा है इसकी भी जानकारी होनी चाहिये, चलिये हम नगण्य और ग्रामीण लोग है हमारे स्वास्थ्य का जवाबदारी नहीं है किसी को लेकिन जो विभाग का जो एक सिपाही है जो हमारे सुरक्षा के लिये जिसको रखा गया है उसके स्वास्थ्य के लिये कम से कम उनकी हेल्थ की जांच होनी चाहिये जिस प्रकार से पाल्युशन इस क्षेत्र में फैल रहा है और नाड़ियो से धुल जा रहा है। जब भी मैं उन अधिकारियों और जो सिपाहियों को देखता हूँ तो मुझे रोना आ जाता है कि कैसे ये यहा पर टीक रहे है लेकिन अगर वो वहा पर खड़े ना हो तो जो ट्रक है वो अनियंत्रित हो जायेंगे तो इस तरह की दिक्कते हमारे यहा लगातार हो रही है। सोशल इंपेक्ट असिसमेंट में बाद अगर हम ई.आई.ए. पर बात करें, इन्वायरमेंट इंपेक्ट असिसमेंट की अगर बात करे तो हमारे क्षेत्र में बाबाडेरा एक जगह है जहां निरंतर पानी बहते रहती है और ऊपर में एक झरना है जिसको इस ई.आई.ए. रिपोर्ट में नहीं दर्शाया गया है और ना ही इस क्षेत्र में हाथी की अगर बात करें तो हाथी लगातार इस क्षेत्र में आ रहे है। कल शाम को सराईपाली में एक हाथी आया था जिसका जिक्र हालांकि अभी–अभी है इसलिये जिक्र नहीं हुआ होगा वो अलग बात है लेकिन ना तो किसी पेपर में आया, ना ही किसी अधिकारी ने जांच किया, ना ही उस पर कुछ कार्यवाही हुई है। मैं चाहता हूँ कि इस तरह के जो अन्याय हो रहे है उस पर आप लोगो की जिम्मेदारी है कि आप लोग कार्यवाही करें। दूसरा संविधानिक अधिकारी हमारे जो संविधान के द्वारा जो अधिकार प्राप्त है आर्टिकल 21 जिसमें हमको शुद्ध वातावरण में हमको जीने का अधिकार है और शुद्ध वातावरण में ना तो हम बल्कि आप तो अधिकारी है, कर्मचारी है और कंपनी के जो लोग है वो ही अपने अधिकार का हनन कर रहे है और इस अधिकार की

बचाने की जिम्मेदारी आप जो जिम्मेदार अधिकारी है अभी पीठासीन अधिकारी और पर्यावरण विभाग के अधिकारी है आप लोगो की जिम्मेदारी है आज जनसुनवाई है इसीलिये यहा बैठे है लेकिन आपको जिम्मेदारी दी गई है कि इस क्षेत्र का वातावरण शुद्ध रहे और यहाँ किसी प्रकार का पर्यावरण प्रदूषण ना हो इस पर आप कार्यवाही करें और हमारे जो संविधानिक अधिकार है उसको आप रक्षा करें ताकि आप जहां भी जाये हम आपका नाम लिखते रहे कि ये अधिकारी थे जिन्होने हमारे अधिकार का रक्षा किया और हमारे लिये कुछ अच्छा करके गये। हालांकि मूंह सुख रहा है बहुत कुछ बोलना था पता नहीं क्या कारण है। एक चीज और हमारे यहां पहले गाय, बैल, भैंस हुआ करते थे आज देखे तो किसी के घर में गाय नहीं है इसको आप विकास कह सकते है और दूध सबको चाहिये लेकिन गाय किसी को नहीं चाहिये और लोग गाय इसलिये नहीं रखते है कि यहां चारागाह नहीं है, जितने चारागाह है वो सब खत्म हो चुके है, या तो उस पर कंपनियां बन गई है और जहां कंपनी नहीं बनी है जिस जमीन को कंपनी नहीं खरीद पा रही है उस जमीन पर फ्लाई ऐश डाल दिया जा रहा है तो चारागार पूर्ण रूप से खत्म हो चुका है। अब गौधन की रक्षा करने के लिये सरकार भी बहुत कुछ कर रही है। एक तरफ सरकार गौधन रक्षा करने के लिये गोठान योजना और कई तरह के प्रयास किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ हम देखे तो जो कंपनियां है वे इस गौधन को भी नस्ट करने के लिये लगातार लगी हुई है और पुरा जो जमीन है वो खतम हो चुका है, धीरे–धीरे बंजर हो जायेगा, आज 47 डिग्री पार हो चुका है, कल की स्थिति में 50 डिग्री भी होगा, 55 डिग्री भी होगा, आप लोग समझदार है इस विषय पर देखे, सोचे और उस अनुसार कार्य करें। कंपनी सिर्फ फायदा कमा रही है कम से कम इस क्षेत्र में वृक्षारोपण 10 प्रतिशत ग्रीनरी करने का नियम रहता है लेकिन कोई कंपनी 10 प्रतिशत ग्रीनरी नहीं कर रहा है। इसकी जांच कौन करेगा, साहू सर देखीय कम से कम आप जांच करवाईये की कहां–कहां ग्रीनरी लगी है, कहा वृक्षारोपण हुआ है और उस रिपोर्ट को कम से कम आप हमको साझा कर दे तो हमको भी थोड़ी तसल्ली होगी कि सही में कंपनियां आई है और इस क्षेत्र के लिये अच्छा कर रही है तो शायद हम भी इस कंपनी को समर्थन करते लेकिन इस तरह का कृत्य किया जायेगा चाहे वो कोई भी कंपनी हो, रायगढ़ इस्पात की ही बात नहीं कर रहा हूँ आस–पास में जितनी भी कंपनियां है अगर वे ग्रीनरी पर काम करे तो इस क्षेत्र का टेम्प्रेचर भी कम होगा और जो विकास के लिये जो चिमनी चलाई जा रही है उसमें जो ऑक्सिजन निकल रहा है जिस प्रकार चिमनी से आक्सिजन दिन–रात निकलता है तो शायद ऑक्सिजन को पेड़–पौधे थोड़ा सा वो करें तो हम लोग अच्छे से जी पायेंगे, मैं कार्बन डाईआक्साईड को आक्सिजन बोल रहा हूँ इसको आप नोट करें।

489. छबीराम भोय, देलारी – मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

490. विपिन कुमार डनसेना, गेरवानी – मेरे बहुत सारे साथियों ने प्रदूषण के बारे में बहुत सारे बोले है लेकिन मैं उन कानूनों को नहीं जानता क्योंकि मैं कम पढ़ा–लिखा हूँ और कम पढ़ालिखा होने के नाते मेरे पास जो गुजर रहे है इस क्षेत्र के निवासी होने के नाते, या तो मैं बुढ़ा हो गया हूँ, मेरा ऑख नहीं दिखता है इसलिये सब काला–काला दिखता है ये प्रदूषण है ये भी हो सकता है मैं मान सकता हूँ कि 60 साल पार

कर लिया हूँ तो मेरे को दिखाई नहीं देता तो हर चिज काला दिखता हूँ, इसलिये प्रदूषण दिखाई देता है। मैं जितने भी यहा उपस्थित सज्जन है चाहे अधिकारी हो, चाहे शासकीय कर्मचारी हो सबसे एक बार निवेदन करूंगा मैं यहा हूँ मेरे घर में जाईये, ताला–चाबी देता हूँ घर में अगर खुले पैर चल लिये, आपके पाव का निशान नहीं पड़ेगा तो आप जो सजा दे मुझे कबुल है, ये प्रदूषण की हाल है। बड़ा–बड़ा बात कर रहे थे अभी यहां के प्रबंधक महोदय ये लगाये है, वो लगाये है, पता नहीं क्या लगाया है अगर लगाया है तो उन महोदय से बोलिये वो मेरे साथ चले और मैं दिखाऊंगा उनको प्रदूषण कितना होता है वायु प्रदूषण। अगर ये सही करते तो शायद ये स्थिति नहीं आती लेकिन आ रही है। या तो आप गधे है, या तो आप जान नहीं पा रहे है ये विकास है अभी मेरे भाई साहब ने कहा ये विकास है तो बहुत बढ़िया विकास है ये होना चाहिये। सबके लिये है मेरे व्यक्तिगत के लिये नहीं है। रही जल प्रदूषण की बात, पिछले साल तक 20 फुट तक हम जल निकालते थे आज 80 फुट के अंदर पानी नहीं आ रहा है और अगर नहीं आ रहा है तो इसके पिदे यही कारण है कि भूमिगत जल का दोहन और आज प्रबंधक महोदय ने स्पष्ट कहा की हम हम भूमिगत जल का दोहन करेंगे, अगर भूमिगत जल का दोहन करेंगे तो सबसे पहले ये काम किया जाये कि हम लोगो के लिये पानी का व्यवस्था कर दिया जाये ये हमारा विकास हो जायेगा ताकि हमको पानी के लिये भटकना ना पड़े इस बुढ़ापे में तो बहुत जल्दी प्यास लगती है गर्मी के कारण और गर्मी तो बढ़ गई है क्योंकि पेड़–पौधा साफ है और एक और निवेदन करूंगा जल के नाम से आप लोगो में से अगर जो कोई भी मछली खाता है तो मैं उसको मछली खिलाउंगा वो खाकर देख ले वो बीमार होकर रात भर में हास्पिटल नहीं जायेगा तो मैं चैलेंज करता हूँ केलो नदी के मछली का ये हाल है, मैं खाता हूँ इसलिये मैं जानता हूँ तो केलो नदी का मछली खा पायेंगे तो हास्पिटल जायेंगे। दूसरा चीज है जल प्रदूषण जल सफाई करते है तो कल आने वाले इस जनसुनवाई में ये सब बाटल नहीं दिखना चाहिये लोकल स्थानीय पानी पीना चाहिये मेरा मांग है ये ताकि आपको पता लगे कि हम कैसे पानी पीते है। सबको बाटल नहीं दिखना चाहिये गांव का बोर से, गांव का तालाब से जो पानी हम पीते है वो पानी सब को पीना पड़ेगा और नहीं तो कल मैं भुख हड़ताल यहा पर करूंगा, हम अनसन में बैठेंगे इसके लिये अगर ये बाटल दिख गई हम लोगो को, प्रदूषण नहीं फैल रहा है क्या ये कागज, पन्नी, बाटल सब को फेक दिये है, हम खेती करते है खेत में बहकर जायेगा ये सब और दूसरा प्रदूषण हमारी जो सरकार है चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो बोलती है कि तुम लोग घर में शौचालय बनाओ और फैक्ट्री लोग इनके दादा लगते है किसी फैक्ट्री में नहीं है एक फैक्ट्री भी बता दे कि हम शौचालय बनाये है हमारा आदमी बाहर नहीं जाता है चलिये मेरे साथ मुआवना करवाईये, बड़े–बड़े दाव करते है कि हम ये व्यवस्था कर देंगे, हम वो व्यवस्था कर देंगे, इतने बैठे है उनके साथ में चलिये देखते है एक भी शौचालय बना है क्या? उनको जरूरत नहीं है, गंदगी तो सीर्फ हम करते है क्योंकि हम लोग अनपढ़ है, मूर्ख है, अनपढ़ है इसलिये नहीं जानते है, इसलिये हमको सिखाया जाता है कि घर में शौचालय बनाईये और शौचालय का पैसा देंगे बोलते है सरपंच खा जाता है और बोल दिया जाता है बन गया कोई जांच करने के लिये नहीं आता अगर ये विकास है तो ऐसा विकास

होना चाहिये, नित्यप्रति हो ऐसा विकास। दूसरा चीज ये बोलते है कि यहा जो भी आता है सेवा करते है, व्यवस्था करते है, ये महोदय लोग आप चले जाईये तो जी.एम. साहब से बात करो तो जी.एम. साहब ऐसे बैठे है टेड़ा होकर यहा का कोई अंडा, पण्डा मैं नहीं जानता उनका नाम मैं खुद गया था एक घंटा बैठाया मुझे पण्डा उनके दलालो से बात करवाया, फैक्ट्री वाला मेरे से बात नहीं कर सकता क्या? मै नालायक हूँ, मुझे सम्मान नहीं देंखे और है तो बताईये मैं यहा पर खड़ा हूँ बुलाईये उस पण्डा को। दूसरे आदमी को बुलाता है उसके माध्यम से काम होगा, मेरे को नहीं देंगे, उनके जो दलाल होंगे जो कमीशन देंगे, कुछ काम नहीं कराते है, ये इनकी निती है और बोलते है हम करते है, क्या हम लोकल वाले काम करने नहीं जानते है, हाथ, पैर नहीं है, क्यों उत्तरप्रदेश, बिहार और ओड़िसा से आदमी आते है, आये अगर हम नहीं कर पाते है तो बिल्कुल आना चाहिये वो भी हमारे देश का है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि लोकल वाले भागो और उसके जीजा, साले को बुलाओ, उत्तरप्रदेश से, बिहार से, ओड़िसा से, आंद्रा से वो उनके जीला है, साले है हम तो यहा पर उनके मजदुर है, दूसरे को क्या बोलू मेरे ही लोग अगर सही होते तो क्या बोलू, मैने हर तरह से प्रयास किया लोगो को जगाने का, बोला गांव–गांव जाकर विरोध करो लेकिन नहीं। आप लोग सब समझदार है शासन की देख–रेख करते है। हमारे पर्यावरण अधिकारी से मैं निवेदन करूंगा आप यहाँ से रायगढ़ जा रहे है अभी जितने रोड के किनारे प्रदूषण पड़े है चालान बनाईये चलिये हम चलते है, कितने के पास परमिशन है, पाटे है। मैने खुद आवेदन किया था आपके कार्यालय में मेरे जमीन में खेती नहीं हो रहा है, मजदूर नहीं मिल पा रहा है, मुझे पाटने का अनुमति नहीं दिये ताकि मैं अपना पटे भर सकु, लेकिन मुझे नहीं मिला परमिशन और डेम के किनारे कलो नदी के ऊपर पॉल्यूशन का अंबार लगा है चलिये मेरे साथ मैं दिखाता हूँ, किसके आदेश से मिला, ठीक है आप नहीं रहें होंगे कोई भी रहेगा लेकिन अधिकारी तो ही कराया, शासन का अधिकारी तो वाह ही रहा क्यों लगा है और लगा है तो उसका शिकायत आज क्यों नहीं है? जब मैं बोल रहा हूँ तो उसका होना चाहिये ना, लिखिये और कल चलिये मेरे साथ उसके बाद जांच कराईये लेकिन ये भी नहीं होगा क्योंकि एक कहावत है खटाखट–खटाखट और उसके बाद साय–साय यही चल रहा है यही सरकार है। कभी ना कभी हमे भुगतना पड़ेगा इसका परिणाम और भुगतेंगे इसका जवाबदार कोई और नहीं हम ही है, हम सब है लेकिन मेरी बातो को ध्यान दीजिये। एक और बात कहनी थी कोई ऐसा गांव नहीं है जहां एक हाथ से अपंग नहीं है या पैर से। सरकार तो कहती है कितने प्रतिशत अपाहिज लोगो को 20 प्रतिशत, 40 प्रतिशत को नौकरी दी जाये, सरकार के पास नहीं है मान गया जितनी बड़ी जनसंख्या है वो कहां से दे पायेगा, क्या इतने सारे प्रबंधन है रायगढ़ जिले में एक गांव के लोगो को नौकरी देने का अधिकार नहीं है इनको, क्यों नहीं है, इसका प्रावधान है कि नहीं? वो अपंग लोग कहां जायेंगे, पहले पुटु बेचकर खाते थे, लकड़ी बेचकर खाते थे आज कहां जायेंगे, कोई कुलझारी भाजी लाते थे पहाड़ से, आज तो पुटु है ना कुलझारी भाजी है, ना लकड़ी है और एक अनिवार्य आदेश का पालन कीजिये पीठासीन महोदय की ये जो फैक्ट्री वाले है अपने कोई भी आदमी को लकड़ी से उपयोग ना करें जो थोड़ा बहुत जंगल है वो बच जाये एक आदेश कीजिये

कि यहां कोई भी फैक्ट्री वाले लकड़ी का उपयोग करते पाया गया उसको सीधा–सीधा निरस्त कीजिये उस फैक्ट्री को। उसके वर्कर लोग, उसके आदमी लोग और ना कोई आदमी बाहर जाकर गंदगी फैलाये। हम लोग अपने खेत भी जाते है तो वो जाने के लिये रास्ता नहीं होता, नाक दबाकर जाते है ये परेशानी है। यहां तो बड़े–बड़े कानून का बात करते है, मुझे आता तो नहीं है, मैं पढ़ालिखा नहीं हूँ, क्या बात करू मैं नियमों का। और एक बात है ये आप लोग कहते हो मैं नहीं जानता मैं पढ़ालिखा नहीं हूँ इसलिये सी.एस. आर. क्या मद होता है आप लोगो का जो सुना है वही बता रहा हूँ उस मद से 8 किलोमीटर की परिधि में खर्चा होना चाहिये ये कंपनी का आज हम समर्थन और विरोध कर रहे है ये मेरे को बता दे 8 किलोमीटर के परिधि में किस गांव में कितना पैसा खर्च किये है, लिखिये इस बात को और किस गांव में किये है, किस मद में किये है, शौचालय बनाये है, रोड बनाये है, डामरीकरण किये है क्या किये है? ये प्रमाणीकरण होना चाहिये। आप कल भी आयेंगे और संबंधित को बता दीजिये ये सारी जानकारी होना चाहिये नही तो कल आंदोलन होगा। और एक बात ये बोले हम स्वास्थ्य सेवा करते है, क्या स्वास्थ्य सेवा है इतने सारे इस गेरवानी, चिराईपानी, पाली, देलारी, शिवपुरी ये 7–8 गांव है जिसका एक पंचायत होता था, इस 6 गांव में कम से कम 14 उद्योग लगे है, ये 14 उद्योग कहते है कि हम स्वास्थ्य शिविर लगाते हैं, हप्ते में 1–1 दिन करते तो 15 दिन होता आज तक का रिपोर्ट दे कि कहां–कहां उन्होने स्वास्थ्य शिविर लगाया, लोगो का जांच कराया उसका रिपोर्ट हमें चाहिये और आप लोग नहीं दोगे तो एन.जी.टी. मैं भोपाल जाउंगा और वहां से लेकर आउंगा, मुझे इनकी सारी कापी चाहिये एन.जी.टी. में इन्होने कहां–कहां स्वास्थ्य शिविर लगवाया, किस गांव में कितना–कितना पैसा खर्चा किया 8 किलोमीटर की परिधि में। हम लोग सिर्फ दलिया खाने के लिये पैदा हुये है या तो हमको तेल लगाना नहीं आता इन उद्योग वालो का, उनके मैनेजर का, उनके मालिक का, हम अपना सर्वस्त्र प्रदान करे और उनको तेल लगाये ये अंग्रेजी राज नहीं चलेगा हो गया देश बदल गया। मैं अपने स्थानीय पीड़ा का दर्ज कराया हूँ ये मेरी पीड़ा है और कम मुझे फिर खड़ा होना है आपके पास सामने में तो ये जानकारी तीन चीज तो मुझे चाहिये, नही तो कल भुख हडताल में बैठुंगा, एक तो कहा–कहां किस मद में खर्चा किये, स्वास्थ्य के लिये कहां–कहां कैंप लगाये और सी.एस.आर. मद का पैसा कौन से गांव में कितना किये। यहां का सारा पैसा लेकर चले जाते है रायपुर, दिल्ली, रायगढ़, गर्दा हम खाये, मजा वो खाये। अगर सरकार चाहती है, प्रशासन चाहती है आंख बंद करके तो आज के डेट में सुनहरे पट्टी से लिख लीजिये गदर प्रारंभ होगा और इसके जवाबदार सरकार होगा, प्रशासन होगा धन्यवाद।

491. किशन गुप्ता – यहां सिर्फ बदमाशी का विकास हुआ हैं बिना सीमांकन किये दिवाल दिया है। यंदि कंपनी के अंदर किसान का जमीन घुस जाये तो कैसा होगा। ग्रामीण सड़क जो गांव से निकलती है उसके पास मेरा जमीन है और उसमें वह कचरा फैला रहा हूं। यहा उद्योग इस प्रकार का कार्य करते हैं। पंडा जी को कॉल किया था मोबाईल बंद कर दिया था। मैं एक किसान हूं मेरे खेत से काला धान निकलता है मंडी में खरीदी नहीं होता है। किसानों की जमीन में रोड बना दिया गया है। उद्योगों के द्वार कचरा फेंका गया है

ए. रिपोर्ट बनने के लिये जाता और फिर से ग्रामसभा की प्रस्ताव होती, चुंकि यह क्षेत्र मुझसे पहले भैया राजेश त्रिपाठी जी बोल रहे थे कानून पर बहुत अच्छी जानकारी रखते है उन्होने बताया कि इस क्षेत्र में 1996 से ही जब पेशा कानून बना तब पेशा कानुन लागु है उस आधार से ग्रामसभा की प्रस्ताव अनिवार्य होनी चाहिये थी और मैं उससे और आगे चले जाऊ तो भारत के संविधान के अनुच्छेद 244ए के अनुसार इस देश में अनुसूचित क्षेत्र घोषित है यह क्षेत्र जहां कंपनी स्थापित है और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244ए के अनुसार जो स्वशासन और नियंत्रण का अधिकार है वहां के क्षेत्रवासियों को ग्रामिणों को उस अधिकार के तहत वहा की ग्रामसभा की अनिवार्य भी अनिवार्य हो जाती है जो कि इस ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाने के पहले जिस ई.आई.ए. पर हम यहां चर्चा करने के लिये उपस्थित हुये है उस ई.आई.ए. बनाने के पहले ना तो एस.आई.ए. पर गांव वालों को जानकारी दी गई ना तो ई.आई.ए. तैयार करने के समय गांव वालो को जानकारी दी गई, ना प्रभावित क्षेत्र के लोगो को जानकारी दी गई और आज हम जो हवा, हवाई ई.आई.ए. रिपोर्ट कागजो में बना दिये गये बल्कि मैं ये कहु पहले जो जनसुनवाईयां होती थी उन कंपनियों के हुबहु मिला–जुला बस कंपनी का नाम, बाहर क्षमता ये सब बदल दिया गया है बाकी सब चीज वहीं है और उसके आधार पर ये पर्यावरणीय जनसुनवाई हो रही है और इस पर मैं आज अपनी बात रखने के लिये यहां उपस्थित हुआ हूँ। मैं यह कहना चाहता हूँ कि पहले तो ये गैरसंविधानिक रूप से एस.आई.ए. ई. आई.ए. बनाया गया, विधि विरूद्ध एस.आई.ए. और ई.आई.ए. बनाया गया और आज की ये जनसुनवाई हो रही है वो गैर संविधानिक तरीके से, गैरकानूनी तरीके से, विधि विरूद्ध ये आज की जनसुनवाई हो रही है और इसलिये इस जनसुनवाई को तत्काल निरस्त कर पुनः इस देश के बुद्धिजीवी नागरिकों को, इस क्षेत्र के बुद्धिजीवी नागरिकों को जो प्रभावित क्षेत्र के लोग है उस गांव के उन सबको विधिसम्मत, नियम के अनुरूप जिस तरीके से पर्यावरण केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा जो 14 सितंबर 2006 के तहत जो उद्योग के आवेदन करने के 45 दिवस के अंदर ये जनसुनवाई आयोजन कराया जाना था वो यहा पर आज दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि इनका जो आवेदन है वो एक साल पहले का है। इसलिये आज की यह जनसुनवाई केन्द्रीय पर्यावरण, वन जलवायु मंत्रालय के जो अधिसूचना है उस विरूद्ध में भी है, इसके विरूद्ध में भी है, कानून के विरूद्ध में भी है, विधि के विरूद्ध में भी है इसलिये आज की यह जनसुनवाई यही पर स्थिगित कर इसको निरस्त किया जाना न्यायोचित होगा और इस क्षेत्र के जनहित में होगा। किन्हीं परिस्थितियोवश 14 सितम्बर 2006 की अधिसूचना के अनुसार 5 दिवस के अंदर जनसुनवाई का आयोजन नहीं कर पाते है तो जो केन्द्रीय पर्यावरण, वन मंत्रालय समिति गठन करेगा और वो समिति गठन करके जनसुनवाई का आयेाजन करेगा। जो आज ये जनसुनवाई हो रहा है वो उसके विपरित हो रहा है इसलिये आज की यह जनसुनवाई यही पर स्थगित कर इसे निरस्त कर दिया जाना इस क्षेत्र के हित में यहा के जनहित में होगा। महोदया जी यह जो मेसर्स रायगढ़ एण्ड पॉवर लिमिटेड, ग्राम देलारी, सराईपाली में जो स्थापित है उस क्षेत्र में आज से पहले 14 लोगो की सिलिकोसिस बीमारी से मौत हो चूंकि है और यह सिलिकोसिस बीमारी छत्तीसगढ़ का इस क्षेत्र में पहला बीमारी था साथ ही साथ इस क्षेत्र में सिलिकोसिस

जैसे और भी बहुत सारे बीमारियां व्याप्त है, दमा है, खासी है, खुजली है, कैंसर है इन जैसे बीमारियों से इस क्षेत्र के लोग ग्रसित है और उसके पीछे का करण बस यही है कि जो जिम्मेदारी जैसे राजेश त्रिपाठी भैया जी ने कहा कि हम किसी उद्योग के विरोध में नहीं, हम उसके दुश्मन नहीं, उद्योग लगती है तो निश्चित ही इस देश की विकास होती है लोगो को रोजगार मिलना चाहिये लेकिन मिलता नहीं है। पर्यावरण मानको को उसका पालन करते हुये उद्योग लगे जो पर्यावरण मंत्रालय के दिशानिर्देश है, जो विधि है, नियम है उस नियम का पालन करे उद्योग तो हमे भी इस बात से एतराज नहीं होगा कि उद्योग लगे क्योंकि यहा पर 99.9 प्रतिशत कंपनियां पर्यावरण मंत्रालय एवं जलवायु मंत्रालय की जो नियम है, जो आदेश है पर्यावरण को लेकर ये गंभीर नहीं होते, उद्योग लगाने के पहले ये सारे मानको को पूरा करने का अपना शपथ पत्र तो पेश करते है, अपनी बाते करते है, क्षेत्र में रोजगार देने की बात करते है, अस्पताल बनाने की बात करते है, स्कूल बनाने की बात करते है, मूलभूत सुविधाए दिलाने की बात करते है जिसके लिये सरकार के द्वारा यहा सी.एस.आर. फंड भी उपलब्ध कराया गया है उन सामाजिक जिम्मेदारी सारे कार्पोरेट खदानो को दी गई लेकिन विडंबना की बात है कि यहा के उद्योगपति और कार्पोरेट खदाने अपने सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करते इसलिये आज की यह जनसुनवाई स्थगित कर इसे निरस्त किया जाना इस क्षेत्र के लिये न्यायोचित होगा। यह ई.आइ.ए. रिपोर्ट पता नहीं किनके द्वारा बनाया गया है बल्कि मेरा तो सीधा–सीधा आरोप है कि ये सिर्फ कागजो पर हवा–हवाई पुराने दूसरे कंपनियों के ई.आई.ए. रिपोर्ट के अनुसार बनाया गया है जिसमे ना तो यहा के जानवरों का जिक्र किया गया है जैसे मेरे पूर्व वक्ता राजेश त्रिपाठी भैया जी बोल रहे थे कि यहा के हाथी कारीडोर के विषय में जो टॉवर बनाये गये है जो यहा के क्षेत्र के लोगो को हाथी के कुचलने से दुर्घटना होने से लोगो को प्रशासन द्वारा मुआवजा दिये गये है वो एक एविडेंश है कि इस क्षेत्र में हाथी भी विचरण करते है, किसान लोग शिकायत करते है किसी का फसल नुकसान होने पर वो एविडेंश है की यहाँ पर हाथी है, यहा पर भालू है, यहा पर बंदर है, जंगली बहुत सारे जानवर है लेकिन ई.आई.ए. रिपोर्ट में कुछ भी नहीं दिखाया गया है। यदि आज की इस ई.आई.ए. पर मैं चर्चा करू और इस जनसुनवाई को समर्थन करने की बात करूं तो क्या उन जानवरो को आने वाले समय में नुकसान नहीं होगा जो एक मानव जीवन के लिये अतिअनिवार्य है। मैं इस ई.आई.ए. पर यह कहना चाहता हूँ की सरकार के द्वारा केन्द्रीय जलवायु पर्यावरण मंत्रालय द्वारा किसी भी उद्योग को उद्योग के स्थापना या विस्तार के समय जनसुनवाई कराया जाना इसलिये आवश्यक होता है कि उस क्षेत्र के लोग जो ई.आई.ए. तैयार किया गया था उस ई.आई.ए. पर अध्ययन करे। महोदय जी आप किसी भी गांव के प्रभावित क्षेत्र के लोग है उस क्षेत्र के किसी भी गांव में एक दिन चले जाईये, वहा के गांव वालो को बुला लीजिये कि पर्यावरणीय जनसुनवाई होने के 27 तारीख के पहले कब आपके गांव में ई.आई.ए. रिपोर्ट पर्यावरण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया और जब उपलब्ध कराया गया तो वहा के लोगो से क्या उस ई.आई.ए. रिपोर्ट पर चर्चा की गई, उसकी जानकारी दी गई या नहीं दी गई इस पर जानकारी ले लेना आवश्यक है क्योंकि जो कानून बनाये गये, जो विधि बनाये गये आज ये पर्यावरण जनसुनवाई हो जाती है

और सारा रिपोर्ट केन्द्रीय पर्यावरण जलवायु मंत्रालय को जाता है वो देखता है कि यहा विधिसम्मत जनसुनवाई हुआ लोगो ने अपनी बाते रखी लोगो को ई.आई.ए. रिपोर्ट पढ़ाया गया और लोग वहाँ सहमत है लेकिन जमीन पर हकीकत जस्ट उसके उल्टा है यहां एक प्रतिशत लोग को भी इस ई.आई.ए. रिपोर्ट की जानकारी नहीं है जो ई.आई.ए. रिपोर्ट आपके विभाग से मुझे दिया गया है मेरे हाथो में है इस ई.आई.ए. का अध्ययन किसी भी ग्रामसभा में, गांव में, पारा मे, मोहल्ला में, टोला में नहीं पढ़ाया गया, नहीं बताया गया अब आप मुझे बताये कि जिसको इस ई.आई.ए. के बारे में जानकारी नहीं वो यहा पर आकर क्या करेंगे। मुझसे पहले वक्ता भैया का वही हाल है कि एक दिन की दिहाड़ी मिल जायेगी और हम वहा पर समर्थन करके आयेंगे मैने पहले ही कहा है कि यह समर्थन और विरोध का विषय नहीं है और मैं आज यहा खड़ा हुआ हूँ तो समर्थन या विरोध करने के लिये खड़ा नहीं हुआ हूँ। इन्होने जो ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाकर पेश किया है जिस पर आज बात रखने के लिये आपने यहा जनसुनवाई आयोजित किये है उस पर मैं बात करने के लिये आया हूँ। महोदया जी ये मेसर्स रायगढ़ एण्ड पॉवर लिमिटेड ग्राम–देलारी में जो स्थापित है और जिसके विस्तार के लिये जो जनसुनवाई कराया जा रहा है पहले से ही व्यापक तौर से इनके द्वारा व्यापक रूप से पर्यावरण प्रदूषण फैलाया जाता रहा है यदि इसका विस्तार होता तो वह 10 गुना कहु, 20 गुना कहु, 50 गुना कहु, 100 गुना कहु जितना गुना आप बढ़ा ले इस क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण होगा। सभी वक्ताओं ने अपनी बाते रखा और सभी ने यहा की जन समस्याओं पर अपने बाते कही। महोदया जी आज इस कंपनी की जनसुनवाई हो रही है मुझसे पहले भैया जयंत जी ने आज की सुनवाई में बहुत अच्छी बात रखे उन्होने कहा कि इस कंपनी का जो स्थापना है जिस जमीन पर ये कंपनी स्थापित है उस कंपनी का डायवर्सन भी नहीं हुआ है चुंकि कानून आप किसी जमीन पर उद्योग लगाते है तो उस जमीन का डायवर्सन कराया जाना अति आवश्यक होता है आज वो मैं सारा दस्तावेज टाउन एण्ड कंट्री से और आपके प्रशासन द्वारा दिया गया रिपोर्ट औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से निकाला हुआ ये सारा रिपोर्ट मैं लेकर आया था अच्छा हुआ जयंत भैया ने पहले ही डायवर्सन पर अपनी बात छेड़ दी। मैं इस बात को आगे बढ़ाते हुये कहना चाहता हूँ कि उद्योग स्थापित जमीन का डायवर्सन के साथ–साथ नक्शा भी पास नहीं हुआ है, अब ये मामला पर्यावरण प्रदूषण फैलाने के साथ–साथ राजस्व की चोरी का भी मामला बनता है। मतलब इस कंपनी के द्वारा स्थापना से लेकर अब तक शासन और प्रशासन को इस क्षेत्र की ऑखो में धुल तो झोकते ही है लोगों को बेवकूफ तो बनाते ही है शासन और प्रशासन की ऑखो में धुल झोकते हुये राजस्व की चोरी भी कर रहे है मैं बहुत बड़ा आरोप लगा रहा हूँ, पर्यावरण प्रदूषण तो फैला रहे है ये राजस्व की चोरी भी कर रहे है और ये एविडेंश मेरे हाथो में है ये प्रशासन के द्वारा दिया गया, इन्होने नक्शा पास नहीं कराया, इन्होने डायवर्सन भी नहीं कराया। अब इन्होने स्थापना के समय अपने रिपोर्ट में क्योंकि बिना पानी के उद्योग तो चल नहीं सकता, बिना कोयला के उद्योग चल नहीं सकता आप इस बात का जांच करा दे कि कंपनी के अंदर गैर कानूनी तरीके से अवैध भू–जल दोहन करके इस प्लांट की संचालन की जा रही है। अवैध रूप से भू–जल दोहन किया जा रहा

है, जहां एक ओर अभी जिला प्रशासन ने नये नलकूप खनन करने के लिये क्योंकि यहां की स्थिति जल की स्थिति दिन ब दिन घटती जा रही है, कही ना कही इन सारे उद्योगो की वजह से इस क्षेत्र में अवैध रूप से भू–जल दोहन करने की वजह से इस क्षेत्र में जल स्तर दिन ब दिन घटता जा रहा हैं जो आने वाले समय के लिये यहा के जल जीवन के लिये खतरे की घंटी है और इसलिये आज की इस जनसुनवाई को स्थगित करते हुये इसे निरस्त किया जाना न्यायोचित होगा, जनहित में होगा। आज जनसुनवाई में उपस्थित साथी कह रहे है और निवेदन है प्रशासन के अधिकारियों से कि लोगो को पंखा, पानी की व्यवस्था की जाये, लोगो को चक्कर आ रही है। महोदय नियुक्त कंपनी के पूर्व से ही व्यापक पैमाने पर उद्योग संचालन हेतु ये जो मैं भू–जल दोहन की बात कह रहा हूँ इस पर ये लोग अपने ई.आई.ए. पर चोरी करने वाला अपनी चोरी कभी नहीं दर्शाता वैसा ही ये अपना काम कर रहे है। यह पर्यावरण संरक्षण मापदंडों के विपरीत है इसलिये आज ये जनसुनवाई निरस्त किया जाना न्यायोचित होगा। महोदया जी राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण भोपाल के द्वारा राज्य सरकार और जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया उस निर्देश में कहा गया है कि क्षेत्र में पर्यावरणीय अध्ययन कंपनी का विस्तार या उद्योग की स्थापना की अनुमति पर विचार किया जाना चाहिये लेकिन आज की जो ये जनसुनवाई हो रही है इस पर ना तो विचार किया गया इस विस्तार करने के लिये क्योंकि इसके विस्तार से ही जिस तरीके से एन.जी.टी. ने अपने आदेश में कहा है अपने निर्देश में कहा है कि रायगढ़ जिला में और इस सराईपाली क्षेत्र में वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण व्यापक पैमाने पर बढ़ जायेंगे जो यहा के जनजीवन के लिये खतरे की घंटी है, जनजीवन के विपरित है पहले से इस क्षेत्र में अनेको उद्योगो की स्थापना और उसके विस्तार पिछले 2–3 सालो से लगातार चल रहे है जिसके कारण यहा पर्यावरण प्रदूषण व्यापक पैमाने पर फैल रहे है विस्तार होने से यहा बड़ी–बड़ी गाड़ियों का आवागमन बढ़ गया है, दुर्घटनाऐं बड़ रही है, दुर्घटनाओं में बहुत सारे लोगो की जान चली जा रही है, इस क्षेत्र में बाहरी लोगो का आना इस क्षेत्र के विपरित है उस क्षेत्र के माहोल और सामाजिक दृष्टिकोण से हम देखे तो उसके विपरित है क्योंकि मैं पहले से ही इस बात का जिक्र कर चुका हूँ ये अनुसूचित क्षेत्र है और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244ए के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति का घुमना भी वर्जित है, वहाँ रहना तो दूर की बात यदि वो रहता है तो वहाँ की ग्रामसभा से अनुमति ले तब जाकर वो उस क्षेत्र में रह सकता है। आज मैं कहना चाहता हूँ कि जिस जनसुनवाई का आयोजन की गई है ये जनसुनवाई आयोजन करने के पहले भी संविधान के मुताबिक लोकजनसुनवाई के पहले ग्रामसभा की जनसुनवाई अनिवार्य थी और इसीलिये मैं कह रहा हूँ आज की जो जनसुनवाई है वो विधिसम्मत नहीं है, संविधान के अनुरूप नहीं है, संविधान के विरोध में जाकर संविधान का उल्लंघन करते हुये यह जनसुनवाई कराई जा रही है इसलिये आज की ये जनसुनवाई को यही पर स्थगित कर निरस्त किया जाना इस क्षेत्र के लोगो के लिये, यहा के पर्यावरण के लिये न्यायोचित होगा। इनकी जो ई.आई.ए. रिपोर्ट है उसमें जो डेटा बताया गया है दरअसल जो कानून ई.आई.ए. रिपोर्ट में जो जानकारी बतायी जानी चाहिये थी वो जानकारी वर्तमान समय की होनी चाहिये लेकिन इनके द्वारा जो जानकारी

बताया गया है वो 5–6 साल पहले की जानकारी बताई है। महोदया जी 5–6 साल बहुत लंबा समय होता है वहाँ का सामाजिक, वहाँ का भौगोलिक और पर्यावरण स्थिति से पल–पल वो समय बदलता रहता है और इसलिये इनका जो ई.आई.ए. रिपोर्ट है वो 3 साल पहले का, 6 साल पहले का रिपोर्ट है उसके आधार पर 2011 में जो जनगणना कराया गया उसी के आधार पर ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार करके यह लोकजनसुनवाई कराया जा रहा है यह ई.आई.ए. रिपोर्ट फर्जी कापी पेस्ट कह सकते है। इसलिये इस ई.आई.ए. पर हम जब चर्चा कर रहे है तो इस ई.आई.ए. पर इस कंपनी का विस्तार कराया जाना न्यायोचित नहीं होगा। आपको बता देना चाहता हूँ कि यह क्षेत्र कोयला खदान, पॉवर प्लांट, स्पंज, बहुत सारे प्लांटो से यह क्षेत्र में कंपनियां स्थापित है जिसके चलते व्यापक पैमाने पर बड़े–बड़े गाड़िया जिनकी भार क्षमता सामान्य सड़को से भी ज्यादा होती है जैसे हम गेरवानी से सराईपाली आते है जहां पर यह कंपनी स्थापित है उस मार्ग में चलने के लिये जो उसकी भार क्षमता है और उस मार्ग में जो गाड़ी चलती है उसकी भार क्षमता उससे तीन गुनी ज्यादा होती है इससे यहा की सड़के आये दिन जर्जर हो जाती है और उस सड़को पर अवैध रूप से जो ट्रांसपोटिंग की जा रही है जिसमें कंपनियों के कच्चे माल और उनसे निकलने वाले जिनको फ्लाई ऐश कहते है, कोयला का जो राख है पर्यावरण के नियम के विपरित बिना पानी छिड़काव करे त्रिपाल ढकते है तो वो भी आधे–अधुरे इस क्षेत्र में सड़को के किनारे चलने वाले दो पहिया वाहन में चलने वाले लोगो को उस सड़क पर चलना दुभर हो जाता है आये दिन दुर्घटना होती रहती है और हम चाहते है ये जो ट्रांसपोटिंग किये जाते है वो नियम के दायरे में रहकर सारे उद्योग अपनी जिम्मेदारी को निभाये। महोदया जी फ्लाई ऐश की वजह से सारे उद्योग जहां–तहां अपना फ्लाई ऐश डंपिंग कर रहे है और उसके वजह से इस क्षेत्र में, इस क्षेत्र के जनमानस में, इस क्षेत्र के लोगो में इतनी सारी बीमारियां हो रही है यहाँ के जो हरे पत्ते आप यहाँ बरसात के बाद किसी भी मौसम में आये तो यहा के हरे पत्ते काले नजर आते है तोता भी हरा होता है लेकिन यहाँ का तोता काला कलर का तोता होता है वो चीज यहाँ पर दिखाई देता है जिससे यहाँ के क्षेत्र में स्वास्थ्य पर बुरा असर पढ़ रहा है क्योंकि यहा बहुत सारे क्षेत्र में बीमारियां आये दिन जो रिपोर्ट हम स्वास्थ्य विभाग से लेते है उससे पता चलता है कि जो दमा, शरीर पर चर्म रोग, ऑखो में जलन और विभिन्न प्रकार की बीमारी छोटे–छोट बच्चे जो पढ़ने वाले है आंगनबाड़ी में उनको प्रभाव पड़ रहा है। यहा से 10 किलोमीटर के अंदर जो केलो डेम है, बिलासपुर डेम है जो इस क्षेत्र के लिये जिनका जल प्रदूषण पर पड़ने वाला जो प्रभाव आकलन है। इनका जो ई.आई.ए. है उस ई.आई.ए. में कही पर भी जो जल प्रदूषण है इस डेम में बल्कि मैं यह कहुं कि केलो नदी को जीवनदायिनी कहा जाता है रायगढ़ जिले में उस केलो नदी को भी दूषित करने में कोई कसर इन्होने नही छोड़ा और इसलिये ये आज की जनसुनवाई स्थगित कर निरस्त किया जाना है उस जीवनदायिनी केलो नदी के लिये भी उपकार होगा। और जब हम बेरोजगारी की बात करते है इतने सारे उद्योग जो इस क्षेत्र में लगे हैं और हम रोजगार कार्यालय के जो रजिस्टर्ड बेरोजगार है 2 लाख 20 हजार 563 युवा आप इस प्रभावित क्षेत्र में किसी भी गांव का आंकलन कर लिजिये, अध्ययन कर लिजिये 90 प्रतिशत यहा के युवा बेरोजगार मिलेंगे

जबकि 100 प्रतिशत यहां पर कंपनियां स्थापित है। बेरोजगारी के मामले में भी रोजगार देने के मामले में भी ये सारे उद्योग पिछे रहे है या आनाकानी करते है। उद्योग के समय गांव वालो को कह तो दिया जाता है कि जब उद्योग स्थापित होंगे तो आपके क्षेत्र के लोगो को रोजगार मिलेगा, सभी रोजगार होंगे, रोजगार के बहुत सारे मानक होते है भईया ने गिनाया किसको चपरासी बनाया गया नौकरी देने की बात होती है, नौकरी अनेको प्रकार के होते है उसका प्रकार नहीं बताया जाता नौकरी तो देने की बात होती है लेकिन उसका प्रकार नहीं बताया जाता ना तो ग्रामीण उस प्रकार को पुछते है कि ऑफिसर बनाओंगे की चपरासी बनाओगे की झाडु लगाने वाला बनाओंगे लेकिन फिर भी रोजगार देने के मामले में ये सब पीछे रहें हैं। इस क्षेत्र में जो अपनी सामाजिक जिम्मेदारी है यहा पर अस्पताल बनाने की, स्कूल बनाने की चुंकि मैं बहुत सारे देखता हूँ तो गांव वाले बताते है कि कंपनी वाले बोलते हैं कि आप उतने शिक्षित नहीं है कि आप हमारे इस कंपनी नौकरी कर पाये, उस स्तर का आपका शिक्षा नहीं है कि आपको मैं ये बना दूं। महोदय जी मैं यह कहना चाहता हूँ कि ये कंपनियां जब से स्थापित है ये सामाजिक जिम्मेदारी निभा लेते और उस समय में उस स्तर के स्कूल खोल लेते और यहाँ पर उनको उस स्तर का पढ़ाई दिया जाता तो आज 10 साल, 15 साल, 20 साल वो आज बच्चे पढ़कर तैयार हो जाते और कंपनियों में कार्य कर रहे होते लेकिन उस जिम्मेदारी से भी ये भागते है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 04.35 बजे कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी कंसलटेंट श्री महेश्वर रेड्डी द्वारा बताया गया कि वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण के बारे में बात हुआ उसके लिये प्रस्तावित उद्योग में ई.एस.पी., बैग फिल्टर, डस्ट सप्रेशन सिस्टम, पक्का रोड बनायेंगे, हरियाली 33 प्रतिशत होगी एडिसनल लैण्ड को मिलाकर, ये सब करने के बाद चिमनी हाईट केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के अनुसार रखा जायेगा और धूल की मात्रा ई.एस.पी., बैग फिल्टर में 30 मिलीग्राम पर नार्मल मीटर क्यूब के अंदर रखा जायेगा और उसके अलावा एफ.बी.सी. पॉवर प्लांट है इसमें सल्फल डाई आक्साईड और नाईट्रोजन डाई आक्साईड का 10 मिलीग्राम पर नार्मल मीटर क्यूब से कम रहेगा, सल्फर डाईआक्साईड 100 मिलीग्राम पर नार्मल मीटर क्यूब से कम हो जायेगा, नाईट्रोजन आक्साईड का फ्लू गैस रिसर्कुलेशन सिस्टम से नाईट्रोजन आक्साईड 100 मिलीग्राम पर नार्मल मीटर क्यूब से कम आयेगा। प्रस्तावित विस्तार के लिये जो वाटर रिक्वायरमेंट है उसे केलो नदी से लिया जायेगा अभी एक्जिस्टिंग प्लांट में ग्राउण्ड वाटर लिया जा रहा है ग्राउण्ड वाटर 450 किलोलीटर प्रतिदिन हम ई.आई.ए. रिपोर्ट सबमीट किया था उस दिन वैलिडिटी था जनवरी 2024 तक अभी उसका रिन्यूअल भी हो गया

23 जनवरी 2027 तक सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर ने परमिशन दिया है। इसके अलावा जल प्रदूषण के बारे में बात हुआ था जो दूषित जल निकलेगा उसे इफ्लुयेंट ट्रीटमेंट यूनिट में किया जायेगा उसके बाद दूषित जल को डस्ट सप्रेशन, ऐश कंडसनिंग और हरियाली के लिये उपयोग किया जायेगा कोई भी दूषित जल बाहर नहीं जायेगा। इसके अलावा एम्प्लाईमेंट के बारे में आया था रोजगार में प्रायटी लोकल लोगो को दिया जायेगा, महिलाओं को भी प्राथमिकता दिया जायेगा एम्प्लाईमेंट में। हाथी मुवमेंट इस एरिया है इसलिये कंजर्वेशन प्लान बनाया था प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेट ऑफ फारेस्ट से अनुमति भी लिया गया है जो इसमें 67.5 लाख बजट अवलोकित किया गया है वो 5 साल में खर्च किया जायेगा कंजर्वेशन एलिफेंट के लिये और प्रस्तावित विस्तरण में जो पानी में केलो नदी से लिया जाये जो वाटर परमिशन सर्फेस वाटर से लिये जाने के बाद ही एक्सपांशन प्रोजेक्ट शुरू किया जायेगा उसके पहले नहीं होगा। प्रस्तावित वितरण में ब्रिक मेन्यूफेक्चरिंग प्लांट भी लगा रहा है इससे पहले एक्जिस्टींग में नहीं है प्रस्तावित विस्तरण में ब्रिक मेन्यूफेक्चरिंग प्लांट लगा कर जो डस्ट निकलेगा उसको ब्रिक बनाके उपयोग करेंगे। अभी एक्जिस्टींग प्लांट में कोल का ऐश को केलो नदी में आज तक डंप नहीं किया गया है। लैंड डायवर्सन के बारे में था अभी टोटल लैण्ड 34.5 हेक्टेयर का जमीन है जिसमें 21.525 हेक्टेयर का डायवर्सन हो गया है बाकी का डायवर्सन करवा लेंगे हम। इन्वायरमेंट क्लीयरेंश लेने के पहले ही हम पूरा डाक्यूमेंट सबमीट करके ही ये फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट में जमा करेंगे इसको। अभी पब्लिक हेयरिंग 45 डेस का ईसु आया था, 45 दिन में ये जो ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14 सितम्बर 2006 में लिखा था इसमें किसी को प्राब्लम नहीं होना चाहिये ये प्रोसेस को इन्वायरमेंट क्लीयरेंश को फास्ट करने के लिये ये नियम लगाया गया है इसके बाहर वाले को कोई प्राब्लम नहीं होना चाहिए क्योंकि इसके प्रोसेस में 45 दिन से ज्यादा भी हो सकता है और डेटा कलेक्शन 5–6 साल पहले बताया था ये जो अभी बेसलाईन डेटा में जो एक्जिस्टिंग डेटा 2011 के हिसाब से लिया गया है और जो एस.आई.ए. को पूरा किया है तो उसके लिये हम लोग एयर क्वालिटी, वाटर क्वालिटी किया था वो तीन साल के अंदर है। एम.ओ.ई.एफ. का जो है वो 3 साल के अंदर डेटा कलेक्शन होना चाहिये इसके अंदर ही है हमारा। सराईपाली और देलारी में भी किया है।

सुनवाई के दौरान 04 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 03 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। लोक सुनवाई में लगभग 550 लोगों का जन समुदाय एकत्रित हुआ। उपस्थिति पंत्रक पर 114 लोगों ने हस्ताक्षर किये। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई है। लोक सुनवाई में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद! आज की लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की जाती है।

(अंकुर साहू)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ (छ.ग.)

(संतन देवी जांगड़े)
अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)